*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
28 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 188

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

ओड़िशा में 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

# अश्लील वीडियो से शुरू हुआ झारखंड की सियासत का शर्मनाक दौर

## अश्लील चैट से डीएनए जांच तक पहुंच गया मामला : व्यक्तिगत हमलों से राज नेताओं को बचना चाहिए

आजाद सिपाही विशेष

अपने 23 साल के सफर में झारखंड ने कई सियासी उतार-चढ़ाव देखे और महसूस किये हैं। इतनी छोटी अवधि में इसने जो सियासी अनुभव हासिल किया है, वह शायद दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के किसी भी प्रदेश के पास नहीं होगा। जोड़-तोड़ और मोल-भाव की राजनीति से लेकर राजनीतिक भ्रष्टाचार और भीतरी-बाहरी से लेकर मंत्रियों के जेल जाने तक का गवाह झारखंड के सवा तीन करोड़ लोग बने हैं। फिलहाल झारखंड में बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो मामला हॉट केक बना हुआ है। लेकिन अब यह मामला व्यक्तिगत भी हो चला है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। अब तो इस प्रकरण में रांची के विधायक सीपी सिंह भी कूद गये हैं। ये नेता एक दूसरे की पर्सनल लाइफ की गहराइयों में झाकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन व्यक्तिगत हमलों से राज नेताओं को बचना चाहिए। इसमें भला किसी का नहीं। बन्ना गुप्ता का जो कथित वीडियो वायरल हुआ है, वह उनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ा मामला है। वैसे बन्ना गुप्ता ने उस कथित वीडियो में किसी को मोलेस्ट नहीं किया है। जो भी वीडियो में दिख रहा है, वह आपसी सहमति के द्वारा बातचीत नजर आती है। वैसे बन्ना अपने वायरल वीडियो को फेक बता रहे हैं। पर लोग इतने भी अज्ञानी नहीं हैं कि क्या फेक है और क्या असली, उसकी पहचान न कर पायें। वैसे देखा जाये, तो हर किसी की अपनी पर्सनल लाइफ होती है। वह क्या कर रहा है, क्या नहीं कर रहा है, उसका निजी जीवन है। लेकिन अपनी गलती को ढंकने के लिए किसी और की पर्सनल लाइफ पर अटैक करना कहां से सही है। बन्ना गुप्ता को भी यह समझना चाहिए। वैसे सरयू राय ने भी बन्ना गुप्ता को खुल कर जवाब दिया है। लेकिन बन्ना सरयू की लड़ाई ऐसे मोड़ पर आ गयी है, जहां लोग व्यक्तिगत हमलों का चटखारा ले रहे हैं। फेसबुक, ट्वीटर से लेकर व्हाट्सएप ग्रुप तक लोग अपनी क्रिएटिविटी का अविस्मरणीय परिचय दे रहे हैं। शब्द भेदी बाण चला रहे हैं। झारखंड की राजनीति में यह जरूर देखने को मिला है कि जब एक विधायक ने अपने बदले अपने पिता को मंत्री बनवा दिया था या एक निर्दलीय विधायक मुख्यमंत्री बन गया था या एक युवक को उसकी पिता की विरासत के आधार पर विधायक बनने से पहले ही मंत्री बना दिया गया या फिर झारखंड का कैश कांड। लेकिन इस बार मामला सड़क से शुरू होकर नेताओं की पर्सनल लाइफ तक पहुंच गया है। आज झारखंड की राजनीति में जिस तरह एक-दूसरे के चरित्र पर हमले किये जा रहे हैं, वह आश्चर्यजनक नहीं, तो शर्मसार करनेवाला जरूर है। नेताओं को समझना चाहिए कि ऐसे आरोपों-प्रत्यारोपों से उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा भले ही पूरी हो जाये, झारखंड का भला नहीं हो सकता है। यह प्रकरण अचानक से ही सुर्खियों में आ गया और इसका अंतिम परिणाम क्या होगा, इस बारे में अब तक किसी को कोई अनुमान नहीं है। बन्ना गुप्ता और सरयू राय के बीच पैदा हुए इस नये विवाद के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड की सियासत में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। राज्य की राजनीति अश्लील वीडियो से होते हुए डीएनए जांच तक आ पहुंची है। राजनीतिक मंचों का वाद-विवाद अब व्यक्तिगत आरोप और घरों के भीतर तक आ पहुंचा है। राज्य के दो बड़े नेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे हैं। जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पश्चिमी से निर्दलीय विधायक सह पूर्व मंत्री और भ्रष्टाचार के खिलाफ अथक लड़ाई लड़ने के लिए मशहूर सरयू राय के बीच तीखी जुबानी जंग जारी है।

### क्या है पूरा मामला

यह पूरा मामला रविवार देर शाम शुरू हुआ, जब गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने अपने ट्विटर खाते से एक वीडियो जारी किया, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और एक महिला के बीच अश्लील वीडियो चैटिंग थी। करीब 22 सेकेंड के इस वीडियो के वायरल होने के बाद सरयू राय ने एक के बाद एक सिलसिलेवार ट्वीट के जरिये स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधा। सरयू राय ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने कहा था कि उनके मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। लगता है, यही अच्छा काम है। भाजपा भी मंत्री पर हमलावर हुई और इस्तीफा मांगने लगी।

### महिला ने पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा

इस प्रकरण में मोड़ उस समय आया, जब उस अश्लील वीडियो चैट में दिख रही महिला ने एक वीडियो बयान जारी कर खुद को बदनाम करने की साजिश बताया। सरयू राय ने उस महिला के बारे में कहा कि वह जमशेदपुर की एक फर्नीचर दुकान में काम करती है। उस दुकान के मालिक समाजवादी पार्टी में थे और बाद में झारखंड विकास मोर्चा से होते हुए भाजपा में आ गये। महिला ने कहा कि वह बन्ना गुप्ता को जानती तक नहीं है और यह सब उसे बदनाम करने की नीयत से किया गया है।



### सरयू और बन्ना की जुबानी जंग

इसके बाद सरयू राय और बन्ना गुप्ता के बीच जुबानी जंग का मामला और गरमा गया। बन्ना गुप्ता ने इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने इसके साथ सरयू राय पर भी जम कर हमला बोला। उन्होंने सरयू राय के निजी जीवन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और कहा कि पूजा में उनकी बायीं ओर कौन महिला बैठती है, यह स्पष्ट करना चाहिए। उनके साथ रहनेवाला युवक कौन है। सरयू राय को डीएनए टेस्ट कराना चाहिए। मंत्री ने कहा कि सरयू राय को यह भी बताना चाहिए कि उनकी पत्नी का निधन स्वाभाविक था या अस्वाभाविक। यहां एक बात स्पष्ट है कि बन्ना गुप्ता का मामला अलग है। वह वीडियो में खुद बोलते हुए दिख रहे हैं। इसी तरह सीपी सिंह का मामला भी अलग है। सीपी सिंह वीडियो में बात नहीं कर रहे हैं। उन्हें तो वीडियो कॉल के माध्यम से फंसाने की साजिश रची गयी थी, जो सफल नहीं हुई। इस बारे में सीपी सिंह ने खुद पुलिस और मीडिया को जानकारी दी है। उसी तरह सरयू राय का मामला पारिवारिक है।

### सरयू का पलटवार

बन्ना गुप्ता के आरोपों के जवाब में सरयू राय ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जिस महिला की बात स्वास्थ्य मंत्री कर रहे हैं, पिछले 20 सालों से उनका और मेरा परिवार साथ रहता है। सब सार्वजनिक है। मैं उनके फ्लैट में ही रहता हूं। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता एक पुरुष और नारी का रिश्ता देह से ऊपर देख ही नहीं पाते। यदि बन्ना गुप्ता चाहते हैं, तो मैं डीएनए टेस्ट के लिए तैयार हूं। केवल मैं ही नहीं, बल्कि और भी जिन लोगों का जिक्र बन्ना गुप्ता ने किया है, वे लोग भी जांच के लिए तैयार हैं। बन्ना गुप्ता तो स्वास्थ्य मंत्री हैं। सिविल सर्जन को मेरे आवास पर भेजें। मैं जांच के लिए तैयार हूं। सरयू राय ने कहा कि मैं कांग्रेस का एनडी तिवारी नहीं हूं, जो डीएनए टेस्ट से इनकार कर दूंगा। सरयू राय ने कहा कि बन्ना गुप्ता को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। वह सीपी सिंह की बात कर रहे हैं। सीपी सिंह ने अश्लील फोन उठाया नहीं था। कॉल काट दिया था। बन्ना गुप्ता की तरह अश्लील चैट नहीं करने लगे। उन्होंने महिला की निजता का उल्लंघन करने के आरोपों पर कहा कि मैं तो उनकी सुरक्षा की बात कर रहा हूं। अमेरिका के बाल्टीमोर में पैसे भेजने के सवाल पर सरयू राय ने कहा कि मैं बहुत सारे लोगों को पैसा देता हूं। कुछ लोग लौटाते हैं, कुछ नहीं, चाहें तो जांच करा लें।

### कांग्रेस ने दी सफाई

इस पूरे प्रकरण पर राज्य में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के वायरल वीडियो मामले में जब तक तथ्य और प्रमाणिकता की जांच नहीं हो जाती, हाय-तौबा नहीं मचाना चाहिए। मंत्री ने खुद इसको लेकर एफआइआर दर्ज करायी है। पार्टी अपने स्तर से भी जांच कर रही है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक इस मामले में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

जाहिर है इस पूरे प्रकरण से झारखंड को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। इससे पहले भी जब-जब नेताओं ने शब्दों की मर्यादा लांघी है, पूरे राज्य को इसका नुकसान उठाना पड़ा है। इस बार भी नेताओं को समझना चाहिए कि इस तरह के व्यक्तिगत हमलों से किसी का भला तो नहीं ही होगा, बल्कि झारखंड को ही शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। झारखंड के लिए यह निश्चित रूप से शर्मनाक दौर है और इसे जल्द से जल्द खत्म करना राज्य के लिए जरूरी है।

---

पूछताछ के बाद जेल भेजे गये जमीन घोटाले के आरोपी

# इडी को 13 दिनों की पूछताछ में मिली कई अहम जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध तरीके से रांची में सेना की जमीन बेचे जाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इन आरोपियों से इडी ने 13 दिनों तक पूछताछ की। इसके लिए इन्हें तीन बार इडी की रिमांड पर भेजा गया था। इस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम जानकारी इडी को दी है। गुरुवार को सभी आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त हो गयी, जिसके बाद उन्हें इडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। उसके बाद उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। गुरुवार को जिन्हें जेल भेजा गया है, उसमें प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तलहा खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं।

**छापेमारी के बाद हुई थी गिरफ्तारी :** सेना जमीन घोटाला में 13 अप्रैल को इडी ने आइएएस अधिकारी छवि रंजन, अंचल अधिकारी मनोज कुमार सहित जमीन के कारोबार से जुड़े 18 लोगों के कुल 21 ठिकानों पर छापा मारा था। छापामारी के दायरे में झारखंड के 18, बिहार के एक और पश्चिम बंगाल के दो ठिकाने शामिल हैं।

**क्या है सेना जमीन घोटाला :** दरअसल जिस मामले को लेकर इडी ने छापेमारी की, वह सेना जमीन घोटाला है। इस घोटाले का आरोपी प्रदीप बागची है। बागची ने ही सेना की जमीन की खरीद बिक्री के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किया था। प्रदीप बागची के पूर्वज प्रफुल्ल बागची ने वर्ष 1932 में सेल डीड संख्या 4369 के सहारे खतियानी रैयत प्रमोद दास गुप्ता से यह जमीन खरीदी थी। फर्जी तरीके से तैयार किये गये इस सेल डीड की रजिस्ट्री पश्चिम बंगाल में दिखायी गयी थी, जबकि 1932 में पश्चिम बंगाल राज्य का गठन ही नहीं हुआ था। पश्चिम बंगाल राज्य का गठन देश के विभाजन के बाद हुआ। इडी ने इस फर्जी सेल डीड को कब्जे में ले लिया है।

पीआइएल मैनेज करने का मामला : 13 अक्टूबर को दाखिल हुआ था आरोप पत्र

# अधिवक्ता राजीव कुमार और अमित अग्रवाल पर आरोप गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पैसे लेकर पीआइएल मैनेज करने के मामले में गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में गुरुवार आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसायी अमित अग्रवाल पर आरोप गठित कर दिया गया है। इडी के विशेष न्यायधीश पीके शर्मा ने कोर्ट में आरोपों को पढ़ कर सुनाया। इस दौरान अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसायी अमित अग्रवाल सशरीर कोर्ट में मौजूद थे।

**ट्रायल फेस करेंगे आरोपी :** इडी की विशेष अदालत में आरोप गठित किये जाने के बाद दाखिल आरोपों से आरोपियों ने इनकार कर दिया। उन्होंने ट्रायल फेस करने की बात कही। आरोपियों पर अपराध गठित होने के बाद की कार्रवाई की जायेगी। इडी की ओर से अधिवक्ता शिव कुमार ने बहस की। वहीं अधिवक्ता राजीव कुमार का पक्ष शंभू अग्रवाल ने रखा। व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बात रखी।

बता दें कि 6 अप्रैल को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटीशन को इडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार औरअमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। फिलहाल दोनों आरोपी जमानत पर हैं।

**हाइकोर्ट से मिली थी जमानत :** अधिवक्ता राजीव कुमार को पहले इडी कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट का रुख किया था। झारखंड हाइकोर्ट में जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद राजीव कुमार को जमानत देने का फैसला लिया। अदालत ने उन्हें एक-एक लाख रुपये के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया।

**क्या है पूरा मामला :** 31 जुलाई 2022 को कोलकाता पुलिस ने अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने हेयर स्ट्रीट थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया था कि एक पीआइएल से अधिवक्ता अमित अग्रवाल का नाम हटाने के एवज में राजीव कुमार ने 10 करोड़ की रिश्वत मांगी थी, लेकिन डील एक करोड़ रुपये में फाइनल हुई। इसी रकम का आधा हिस्सा यानी 50 लाख रुपये लेने के लिए राजीव कोलकाता गये थे। वहां हैरिसन स्ट्रीट स्थित बिजनेस कॉम्प्लेक्स से उनको गिरफ्तार किया गया। इडी ने बाद में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर लिया था।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिस गर्मजोशी से महामहिम ने मुलाकात की, यह उनके सरल व्यक्तितव को दर्शाता है। उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि झारखंड सरकार नगर निकाय को लगातार कमजोर करने की साजिश कर रही है।

उन्होंने इस दौरान राष्ट्रपति से नगर निकायों की मजबूती के लिए 74वां संशोधन लागू कराने की मांग की। डिप्टी मेयर ने महामहिम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकायों को किस तरह दबाया जाता है। इसका ताजा उदाहरण है कि पिछले दो सालों से झारखंड के 13 नगर निकायों का चुनाव लंबित है और झारखंड की राजधानी रांची सहित 33 नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल माह 2023 में पूरा हो रहा है। लेकिन नगर निकाय चुनाव कराने की सरकार की मंशा नहीं है। इसके फलस्वरूप अप्रैल माह के बाद झारखंड की राजधानी रांची सहित झारखंड के सभी 46 नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा। इससे सभी 45 नगर निकायों के क्षेत्र में निवास करनेवाले जनमानस को अपने कार्यों को कराने के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों के पास दौड़ना पड़ेगा। इससे आम जनमानस को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

झारखंड नगर निगम परिषद में 74 वां संशेधन लागू नहीं होने से नगर निगम में जनप्रतिनिधियों की स्थिति सुदृढ़ नहीं है। नगर निगम में अफसरशाही हावी है। नगर निकाय एक स्वत संस्था होती है परन्तु राज्य सरकार का नियंत्रण इतना ज्यादा है कि नगर निगम परिषद् की मासिक बैठक में लिए गए निर्णयों को लागू करना सदस्यों के लिए संभव नहीं हो पाता है। राज्य सरकार जैसे चाहे नगर निकायों पर अपना हस्तक्षेप कर नगर निकायों की स्वतंत्रता को समाप्त करती है। इस कारण नगर निकायों में अफसरशाही जरूरत से ज्यादा हावी है। इसका असर साफ तौर पर नगर निकाय के अन्तर्गत जनता पर पड़ता है। नगर निकाय चुनाव जीत कर जनता के बीच से आए जनप्रतिनिधि भी अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हैं। आज यह हालत है कि नगर निकाय को यह भी अधिकार नहीं है कि अपने निकाय के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति कर सके या किसी कर्मचारी का तबादला कर सके।

# मुख्यमंत्री अगले माह नौ हजार शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अब शिक्षकों की कमी दूर हो जायेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय सचिव के रवि कुमार के अनुसार शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। शिक्षकों की नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से होगी।

उन्होंने बताया कि 2016 से चल रहे हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चयनित शिक्षकों को अगले माह खेलगांव में मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसके तहत करीब नौ हजार शिक्षकों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिला स्थित हाइस्कूलों में अलग-अलग विषयों में होगी।

खेलगांव में एक साथ नौ हजार शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करनेवाले हैं। इसके अलावा राज्य सरकार के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। नियोजन नीति में बदलाव के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसके तहत झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से राजकीय 2 स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए 2137 पीजीटी शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरा जायेगा।

इसके अलावा स्कूली शिक्षा औरसाक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों के लिए भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसके तहत 690 लैब असिस्टेंट राज्य में नियुक्त किये जायेंगे।

शिक्षा विभाग ने कस्तूरबा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट आधारित शिक्षकों को भी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके जरिए कस्तूरबा स्कूलों में करीब 400 शिक्षकों की नियुक्ति होगी और मॉडल विद्यालयों में लगभग 2000 शिक्षकों की नियुक्ति की तैयारी है।

साहिबगंज हवाई अड्डा के खिलाफ विधायक ने शुरू किया आंदोलन

# जान दे देंगे, पर जमीन नहीं : लोबिन हेंब्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** जिले के बोरियो प्रखंड के दुर्गा टोला और केरासूल पंचायत के अंतर्गत हवाई अड्डा की जमीन नहीं देने के विरोध में रैली निकाली गयी। इस दौरान छह गांव के सैकड़ों लोग आदिवासी के पारंपरिक हथियार, तीर धनुष, तलवार, लाठी लेकर निकले और धरना-प्रदर्शन किया गया। दरअसल, यह विरोध हवाई अड्डा के लिए जमीन नहीं देने के लिए बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम के नेतृत्व में किया गया। विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि यह रैली सुभाष चौक से निकाली गयी, जो शहर के प्रमुख मार्ग होकर समाहरणालय के निकट पहुंच कर धरना में तब्दील हो गयी। धरना को संबोधित करते हुए विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। यहां पर जमीन के बदले सरकार जमीन दे, मुआवजा दे। बंदरगाह के समीप भी कई लोगों को बसने की जमीन नहीं दी गयी है। बोरियो विधानसभा क्षेत्र के मंडरो, तालझारी, बोआरीजर प्रखंड के कार्यकर्ता धरना में शामिल हुए।

**ये लोग थे मौजूद :** मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय हेंब्रम, मनोज, ताला हांसदा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में बोरियों नगर और जिरवाबाड़ी थाना पुलिस के जवान उपस्थित थे। दंडाधिकारी के रूप में बोरियो बीडीओ और सदर बीडीओ भी उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

28 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 188

केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में बर्फबारी, निचले इलाकों में आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश









## सीएम हेमंत सोरेन आज एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एयर एंबुलेंस सेवा की शुरूआत करेंगे। वह दोपहर एक बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर से इस सेवा का शुभारंभ करेंगे। इस सेवा के जरिए किसी भी मरीज को आपात स्थिति में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए देश के अन्य अस्पतालों में ले जाने की सुविधा मिलेगी। एयर एंबुलेंस की सेवा सभी मरीजों के लिए 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहेगी। यदि गंभीर मरीजों को सेवा का लाभ लेना है, तो उन्हें इसके लिए विमानन विभाग या डीसी से संपर्क करना होगा। इसके बाद तीन घंटे के अंदर उन्हें सेवा उपलब्ध करा दी जायेगी। यह सेवा फिलहाल दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, लखनऊ और बनारस के लिए शुरू की जा रही है। झारखंड की यह एयर एंबुलेंस सेवा कम दर पर उपलब्ध करायी जा रही है। रांची के अलावा जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह और बोकारो हवाई-अड्डे से भी एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी।

## लैंड स्कैम : विपिन सिंह समेत अन्य से मई के पहले सप्ताह में होगी पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** जमीन फर्जीवाड़ा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) विपिन सिंह, शेखर कुशवाहा, प्रियरंजन सहाय और श्याम सिंह से मई के पहले सप्ताह में पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि इडी ने बुधवार को जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इन लोगों के रांची और जमशेदपुर स्थित घरों पर छापा मारा था। इसमें 30 लाख रुपये नगद और जमीन के फर्जी दस्तावेज मिले हैं। इडी ने इनके पास से आधा दर्जन से अधिक मोबाइल भी जब्त किये थे। अब जब्त कागजात और मोबाइल को खंगालने के बाद इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से भी पूछताछ हो चुकी है। उन्हें भी 1 मई को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस बीच गिरफ्तार सात आरोपियों से इडी को कई महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलने की चर्चा है, जिसके आधार पर इडी कार्रवाई आगे बढ़ा रही है।

### हेमंत सोरेन कैबिनेट में 26 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी

# अब चुनाव होने तक नगर निकाय प्रशासक के हवाले

## ■ सहायक अध्यापकों का मानदेय बढ़ा

## ■ जेएसबीसीएल चार महीने तक खुदरा शराब दुकानों का संचालन करेगी

- राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा
- सातवां वेतन अनुरूप संविदा कर्मियों के मानदेय का निर्धारण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के नगर निकाय अब चुनाव तक प्रशासक के हवाले होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। दरअसल, राज्य में नगर निकाय का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ओबीसी आरक्षण के पेंच को लेकर निकाय चुनाव संभव नहीं हो पाया। इस बीच निगम में चुने गये प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए कैबिनेट ने फैसला लिया है कि चुनाव होने तक राज्य के 34 निकायों के कामकाज प्रशासक संभालेंगे। निकायों में प्रशासक की नियुक्ति होगी। इसके अलावा कैबिनेट ने राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) 4 फीसदी बढ़ाने, सातवां वेतन अनुरूप संविदा कर्मियों के मानदेय का निर्धारण किया है। कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में सहायक अध्यापकों का मानदेय बढ़ाने का फैसला लिया है। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।



### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- दिलीप तिर्की प्रखंड विकास, पदाधिकारी कामडारा हुए आरोप मुक्त।
- कार्मिक विभाग में नियुक्ति के लिए प्रपत्र 5 ही मान्य
- निजी मेडिकल कॉलेज में पीजी स्तर के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग में शुल्क का निर्धारण।
- झारखंड राज्य औषधि नियमावली और खनन विभाग में भूतत्विक नियमावली को मंजूरी।
- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय के सहयोग से दो मोबाइल संग्रहालय की स्वीकृति।
- श्रम नियोजन विभाग के अंतर्गत आपदा में मरनेवाले मजदूरों के शव लाने में सहायता राशि को बढ़ा कर 25 से 50 हजार रुपये करने की मंजूरी।
- परिवहन विभाग झारखंड मोटर यान संवर्ग नियमावली की मंजूरी
- अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के जाति प्रमाण पत्र के मानक प्रपत्र में संशोधन करने की स्वीकृति दी गयी।

**1 जनवरी 2023 से मिलेगा लाभ :** राज्यकर्मियों को अभी 38 फीसदी डीए मिल रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों चार फीसदी डीए बढ़ाया था। इसी के अनुरूप राज्यकर्मियों का डीए बढ़ाया गया है। राज्यकर्मियों को भी अब 38 की जगह 42 फीसदी डीए मिलेगा। यह लाभ 1 जनवरी 2023 से उन्हें दिया जायेगा। इसी तरह राज्य के पेंशनभोगियों या पारिवारिक पेंशन भोगियों को भी 4 फीसदी डीए बढ़ने का लाभ मिलेगा। वहीं अपुनरीक्षित वेतनमान वाले कर्मियों का डीए 212% से बढ़ा कर 221% किया गया।

**संविदाकर्मियों की राशि का निर्धारण :** राज्य में संविदा पर कार्यरत कर्मियों की संविदा राशि का निर्धारण किया गया। इनका वेतन निर्धारण सातवां वेतनमान के अनुरूप किया गया। इसके लिए 1 से 15 अलग-अलग लेबल बनाया गया है। रांची, धनबाद, बोकारो और जमशेदपुर में 1800 ग्रेड पे के तहत 25600 रुपये और अन्य शहरों में 24400 वेतनमान तय किया गया है।

वहीं, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित अभियंत्रण महाविद्यालय राजकीय पॉलीटेक्निक कार्यों के सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक व्याख्याता के मानदेय बढ़ोतरी तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। सहायक अध्यापकों को 57700 और 56100 रुपये मिलेंगे। इसी तरह रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों एवं उच्च महाविद्यालय में शिक्षण कार्य का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक अध्यापकों का 57100 रुपये मानदेय किया गया। जेपीएससी के द्वारा सहायक अध्यापक के पद पर नियमित बैकलॉग नियुक्ति तथा पैनल का अवधि विस्तार किया गया।

**शराब नीति में संशोधन :** सरकार ने तत्काल में शराब नीति में भी संशोधन किया है। इसके तहत जेएसबीसीएल अगले चार महीने तक खुदरा दुकान संचालित करेगी। 1 मई 2023 से यह व्यवस्था लागू हो जायेगी। यह वैसे जिलों में लागू होगी, जहां अभी तक प्लेसमेंट एजेंसी का चयन नहीं हुआ है।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिगड़े बोल

# पीएम मोदी जहरीले सांप जैसे : खड़गे

- भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना
- विवाद बढ़ने पर खड़गे ने दी सफाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरू।** कर्नाटक की एक चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बोल बिगड़ गये। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन यदि आप उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जायेगी। खड़गे गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। बाद में विवाद बढ़ा, तो खड़गे ने सफाई दी।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जुबानी जंग तेज है। खड़गे ने एक ओर जहां प्रधानमंत्री को जहरीला सांप कहा, वहीं रोन में हुई सभा में उन्होंने कहा कि भ्रष्ट भाजपा सरकार राज्य को लूट रही है। यहां हर काम के लिए 40 फीसदी कमीशन वसूला जाता है। भाजपा की सरकार उन लोगों को देश से भगाने में मदद करती है, जिन पर घोटालों का आरोप लगा होता है। पीएम खुद भ्रष्ट लोगों को बचाने में लगे हैं।



पीएम पर की गयी टिप्पणी पर विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने यह उनके (पीएम मोदी) बारे में नहीं कहा है। मैं कहना चाह रहा था कि उनकी विचारधारा सांप की तरह है, जिसे चाटने की कोशिश करेंगे, तो मौत होनी तय है। इस मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा कि खड़गे के मन में जहर है। यह पीएम मोदी और भाजपा के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित दिमाग है। यह सोच हताशा के कारण आती है, क्योंकि वह पीएम से राजनीतिक रूप से लड़ने में असमर्थ हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी अध्यक्ष बनाया, लेकिन कोई भी उन्हें अध्यक्ष नहीं मानता। इसीलिए उन्होंने ऐसा बयान देने के बारे में सोचा। पीएम मोदी को लेकर दिया गया खड़गे का बयान सोनिया गांधी के बयान से भी बदतर है।

उधर, इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के 50 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब है झूठी गारंटी। कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार की गारंटी। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश कर रही है।

## सीआइएसएफ लगाने के विरोध में शिर्डी के साईं बाबा का मंदिर 1 मई से अनिश्चितकालीन बंद रहेगा

**शिर्डी (आजाद सिपाही)।** शिर्डी के साईं बाबा का मंदिर 1 मई से बंद रहेगा। दरअसल, राज्य सरकार ने मंदिर की सुरक्षा में सीआइएसएफ की तैनाती की है। इससे मंदिर प्रशासन नाराज है। उनका कहना है कि मंदिर की सुरक्षा सीआइएसएफ के हाथ में आने से श्रद्धालुओं की परेशानियां बढ़ेंगी। उन्होंने मीटिंग करके 1 मई से मंदिर के अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का एलान किया है। जब मंदिर की सुरक्षा से सीआइएसएफ को हटाया जायेगा, तभी वे मंदिर खोलेंगे। महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक छोटा सा शहर शिर्डी है, जहां साईं बाबा का प्रसिद्ध मंदिर है। इसका पूरा मैनेजमेंट 'श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट' करता है। सरकार ने मंदिर की सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ की तैनाती कर दी है। उनकी तैनाती मेट्रो स्टेशन, एयरपोर्ट और मंदिर के आसपास सुरक्षा के लिए की गयी है। इससे मंदिर प्रशासन और ग्रामीण खुश नहीं हैं।

# बोर्ड-निगम के लिए अनुशंसित नामों को लेकर कांग्रेस में मचा घमासान

### संगम गार्डेन में जुटे एक दर्जन नेता, प्रदेश अध्यक्ष पर बोला हमला

- बोर्ड-निगम की सूची में भाजपा, जेवीएम, राजद और आजसू से आये नेताओं के नाम पर कड़ा एतराज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बोर्ड- निगम को लेकर कांग्रेस कोटे से सीएम को अनुशंसित नामों की सूची के प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस के कई वरीय नेता नाराज हो गये हैं। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक कर लगातार विरोध कर रहे हैं। पार्टी का एक खेमा अब दिल्ली का रुख करने का मन बना रहा है। ऐसे ही कांग्रेस के विक्षुब्ध नेताओं ने गुरुवार को मोरहाबादी के संगम गार्डेन में बैठक कर विरोध जताया। कहा कि बाहरी नेताओं को सम्मान देने के चक्कर में पार्टी के लिए वर्षों से झंडा ढो रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। पार्टी के नेता सुनील सिंह ने कहा कि बोर्ड-निगम के लिए पार्टी द्वारा भेजे गये नामों की अनुशंसा सही नहीं है । समर्पित नेताओं का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिकायत करेंगे। उनसे आग्रह भी करेंगे कि पार्टी द्वारा बोर्ड निगम के लिए भेजे गये नामों को रद्द करें। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष से पांचों प्रमंडलों से पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को जगह देने की भी मांग की है। पत्र में लिखा है कि इस अनुशंसा में चार या पांच वर्ष पहले आरजेडी, आरएसएस, बीजेपी, जेवीएम और अन्य दलों से कांग्रेस में आये हुए नेताओं के नाम है और सबसे ज्यादा नाम एक ही जिले से हैं। ऐसे नामों की अनुशंसा करना सरासर गलत है। बिना बायोडाटा देखे यह सूची बनायी गयी है। हमें तो यह भी लगता है कि इस संबंध में आपसे भी कोई रायशुमारी नहीं की गयी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से आग्रह किया गया है कि उन सभी का बायोडाटा अपने पास मंगा कर जांच करा लें।

बता दें कि बोर्ड निगम के लिए पार्टी की ओर से किये गये नामों की अनुशंसा से संबंधित खबर बीते मंगलवार को प्रकाशित की गयी थी। इस पर नाराज नेताओं ने कहा कि अगर प्रकाशित खबरें गलत हैं, तो इसका खंडन होना चाहिए।

कांग्रेस नेता मानस सिन्हा ने कहा कि सभी समर्पित कांग्रेसियों के हस्ताक्षर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजा जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री को बोर्ड निगम के लिए कांग्रेस की ओर से भेजी गयी सूची को वापस लेने की मांग की जायेगी। इसके साथ ही यह आग्रह किया जायेगा कि वैसे लोग, जो कम से कम 15 वर्षों से कांग्रेस में हों, उन्हें ही बोर्ड निगम में जगह दी जाये।

प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति आजसू से कांग्रेस में आया, उसे विधायक दल के नेता ने 15 सूत्री में जगह दे दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जेवीएम से कांग्रेस में आये राजीव रंजन प्रसाद, राजद से कांग्रेस में शामिल हुए शमशेर आलम, बंधु तिर्की की पार्टी जनाधिकार मंच में रही रमा खलखो का नाम बोर्ड निगम के लिए आ रहा है। यह ठीक नहीं है। कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता ऐसे में खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। पार्टी नेता भीम कुमार ने कहा कि उदयपुर चिंतन शिविर के फैसले की भी अवहेलना की जा रही है।

इस मौके पर धनबाद पीसीसी सचिव शमशेर आलम, प्रधान महासचिव ओबीसी मोर्चा रांची के राजेश चंद्र राजू, पूर्व राष्ट्रीय सचिव यूथ कांग्रेस के ज्योति यादव, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, वरिष्ठ नेता सलीम खान, युवा कांग्रेस प्रकाश त्रिपाठी सहित कई अन्य मौजूद थे।



## नीरू पहाड़ी सपही ढोढाकोला रोड के लिए ग्रामसभा आयोजित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी की अध्यक्षता में नीरू पहाड़ी सपही रोड के लिए ग्राम चितरपुर रा प्रा विद्यालय के प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पथ निर्माण विभाग, प्रमंडल कोडरमा के कार्यपालक अभियंता सहित विभाग के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। वन विभाग के व्यवधान के कारण कई वर्षों से यह रोड़ निर्माण के लिए अधर में लटका हुआ है। जिससे इस रोड़ पर चलना काफी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह पर सड़क इतनी खराब है कि लोग वाहन से चलने के बाद पैदल से भी ज्यादा कष्टदायक लगता है। इस मौके पर इंदरवा पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, वार्ड सदस्य राजकुमार यादव, इंदरवा वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष कन्हाई यादव, पंचायत सचिव देवनारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह, पूर्व मुखिया ढोढाकोला बालेश्वर यादव, काली सिंह, प्रकाश कुमार, रमन यादव, महादेव साव, रूपलाल यादव, मुखलाल यादव, संतोष साव, अनिल बहादुर, राजेश पासवान, दुर्गा यादव, दिलीप यादव और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## घंघरी में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन योगी सुषमा सुमन की अगुवाई में हुआ। कोडरमा जिला के प्रत्येक स्कूल में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की जा रही है। जयनगर प्रखंड उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय घंघरी में शिविर का आयोजन किया गया। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि जिस तरह योग के प्रति ध्यान दिया जा रहा है आने वाले दिन प्रत्येक बच्चा स्वास्थ्य के प्रति जागृत हो जायेगा। शिविर समापन के बाद शिक्षक राजेंद्र मंडल ने कहा कि सभी शिक्षक भी योग करेंगे। प्रदीप कुमार सुमन ने सभी शिक्षकों को योग का पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिवलाल कुमार यादव, विद्या प्रकाश यादव, महेंद्र प्रसाद, विजयकांत गिरी, संजय कुमार बरनवाल, देवेंद्र कुमार राणा, मुकेश कुमार सिंह, महेश कुमार पांडे, सीताराम कुमार, आशा देवी, अरुण कुमार पटेल और त्रिभुवन मोदी मौजूद थे।

## घर में घुसा हाइवा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बागीटॉड लोकाई रोड स्थित बिरहोर टोला में एक घर में अनियंत्रित हाइवा घुस गया। घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार पंडु बिरहोर एक नया मकान बना रहे थे जहां एक हाईवा अनियंत्रित होकर घुस गया और घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पुलिस को मिलने के बाद कोडरमा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को जप्त कर लिया।

## बच्चों के वैन को रोकने वाले रेंजर पर कार्यवाई की मांग



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिरहोर समुदाय के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में अवरोध उत्पन्न करने वाले रेंजर रामबाबू पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इसमें कहा कि राज्य के धरोहर एवं पहचान माने जाने वाले आदिम जनजाति (आदिवासी) समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन अपने उत्कृष्ट प्रयासों से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पिछड़े आदिवासी समुदाय पेट काट कर अपने बच्चों को किसी तरह पढ़ा लिखा कर नौकरी करवाने के सपने संजोए है ताकि वह भी समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर सम्मान से जीवन जी सकें। लेकिन एक गैर जिम्मेदार सरकारी कर्मी द्वारा स्कूली वैन रोककर ना ही उनके मनोबल को तोड़ा गया है बल्कि एक बार फिर उन्हे अपेक्षित महसूस करने जैसी स्थिति को अंजाम दिया गया है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए उपायुक्त से आग्रह किया है कि आदिवासी समुदाय के स्कूली बच्चों के वैन को रोकने वाले रेंजर रामबाबू राम पर अविलंब कार्यवाही की जाय। ताकि भविष्य में ऐसे घृणित कृत्य की पुनरावृति किसी सरकारी कर्मी के द्वारा दोबारा ना हो सके।

## कोडरमा में अपराधियों का मनोबल बढ़ा: प्रकाश रजक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना कांड संख्या 103/23 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को लेकर मृतक भंडरवा निवासी स्वर्गीय प्रदीप यादव की पत्नी सरिता देवी अपने बाल बच्चों और मृतक के भाई पप्पू यादव के साथ 26 अप्रैल से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई है। धरना के दूसरे दिन धरना को भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, कोडरमा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन देते हुए मृतक के परिजनों को साहस दिलाते हुए कहा कि आपका आंदोलन जायज है। तिलैया थाना पुलिस के निष्क्रियता के कारण मजबूरन अनिश्चितकालीन धरना पर बैठना पड़ा है। जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा पुलिस अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे पीड़ित परिवारों से कोई पदाधिकारी आज तक नहीं मिलने आया, ना कोई हालचाल जानने का कोशिश किया। इससे प्रतीत होता है कि पीड़ित परिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही न्याय दिला पायेगी। कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि उक्त कांड के सभी अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार किया जाय।

## टीबी मुक्त पंचायत को लेकर बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार, कोडरमा में टीबी मुक्त पंचायत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की उपस्थिति में जिले के सभी प्रखंड से आये जिला परिषद सदस्य और मुखिया मौजूद रहे। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के संभावित लक्षण होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। एसटीएलएस प्रकाश कुमार रवि ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को यक्ष्मा की बिमारी से संबंधित विस्तृत जानकारी, जिले में उपलब्ध यक्ष्मा की जांच और इलाज से अवगत कराया तथा नियमित दवा का सेवन नहीं करने से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया।

## नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 29 को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा-2023 शनिवार 29 अप्रैल को होगी। मरकच्चो प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो तथा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर है। सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो के केंद्राधीक्षक धर्मचंद मंडल ने बताया कि सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय में 192 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 8 वीक्षक लगाये जायेंगे। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर के केंद्राधीक्षक परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो की प्राचार्य स्वर्णलता ने बताया कि इस केंद्र पर 116 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 5 वीक्षक लगाये जायंगे। परीक्षा की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

# पत्रकार स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**उपस्थित लोगों ने कहा की सच्च के लिए लड़ने वाले ऐसे पत्रकार कभी-कभी ही पैदा होते हैं।**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के प्रभु निवास मार्केट स्थित डेल्टा में हजारीबाग के निर्भीक, आंदोलन की उपज और सदा गलत के खिलाफ लड़ने वाले पत्रकार स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दोनो की मौत दो वर्ष पूर्व कोरोना आपदा में हो गई थी। श्रद्धांजलि सभा में शहर के कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में पत्रकार भी उपस्थित हुये। सबों ने नम आंखों से दोनो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इससे पूर्व दोनो की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान टीपी सिंह और शाद्वल कुमार द्वारा किए गए कार्यों का भी लोगों ने बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सह जेजेए के जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता और संचालन मुरारी सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की ऐसे पत्रकार कभी कभी ही पैदा होते है। आज दोनो के चले जाने का दुख पूरे हजारीबाग की हर एक आम और खास को है। टीपी सिंह की मौत आज तक राज बन कर रह गया है क्योंकि मृत्यु से पहले वे बीमारी से पूर्ण रूप से ठीक हो चुके थे। एसपी मनोज रतन चौथे ने कहा की टीपी सिंह एक ऐसे पत्रकार थे जिनका कायल मैं भी था, वे सच्च के लिए लड़ते थे। जीप चेयरमैन उमेश मेहता ने कहा की उन दोनो की मौत ने मुझे भी झकझोरा था, आज उनकी कमी खलती है। पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव ने कहा की दोनो मेरे अभिवावक तुल्य थे, उनकी कमी की भरपाई नहीं हो सकती। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की उन दोनो के साथ मैने लंबा समय बिताया था। ऐसा निडर और गलत के खिलाफ लड़ने वाला व्यक्ति नही देखा। हरीश श्रीवास्तव ने कहा की दोनो के रूप में हजारीबाग ने अपना एक सच्चा सिपाही खोया है। झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव ने कहा की ऐसे विरले और सच्चे पत्रकार कभी कभी ही पैदा होते हैं। विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, सुकल्यान मोइत्रा, भैया अभिमन्यु प्रसाद, कांग्रेस नेता शशि मोहन सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, सदर विधायक के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, अर्जुन सोनी, सचिदानंद पांडे, गणेश कुमार सीटू ने भी स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार के लिए कार्यों का बखान किया। मौके पर युवा उद्यमी हर्ष अजमेरा, टोनी जैन, ओम झा, विकास सिंह, नागेंद्र प्रसाद, कुमार केशव, विस्मय अलंकार, दीपक सिंह, लखन पासवान, रवि सिंह, विवेक सिंह, सागर कुमार, सचिन खंडेलवाल, मोनालिसा लकड़ा, सुबोध गुप्ता, अमरनाथ पाठक, राजकुमार गिरी शानू, शशांक शेखर, सुमन सिन्हा, सुनील गुप्ता, ज्योत्सना देवी, कृष्ण कांत सिंह, प्रमोद उपाध्याय, मो फजल, अभय सिन्हा, अनुज सिन्हा, रितेश खंडेलवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक में कई योजनाओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिला परिषद की बैठक गुरुवार को समाहरणालय स्थित डीडीसी सभागार में हुई। अध्यक्षता जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने किया, जबकि संचालन डीडीसी ऋतुराज ने किया। बैठक में विगत बोर्ड बैठक में लिये गए प्रस्ताव की संपुष्टि और समीक्षा की गई। बोर्ड की बैठक में सभी संबधित विभाग द्वारा कार्य प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही बोर्ड के सदस्यों के प्रस्ताव और विकास योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बोर्ड की बैठक के एजेंडा में मुख्य रूप से आय व्यय से संबंधित विवरण, प्राप्त आबंटन, अर्पित आय में से संभावित योजनाएं, 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत आबद्ध और अनाबद्ध राशि को खर्च करना, पंचायत भवन का सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य मद में प्राप्त आबंटन का व्यय, जिप की स्व आय वृद्धि को लेकर परिसंपति का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों के चौक चौराहों और क्षेत्रों में सेवाओं का विस्तार मुद्दे पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रस्ताव लिया गया। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिला परिषद का आय बढ़ाकर क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता है। बोर्ड की उपलब्धियों में मेघातरी बस पड़ाव बंदोबस्ती 86 लाख 59 हजार में की गई। हाट बाजार निर्माण को लेकर सात योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा, इसमें जयनगर में 1, सतगावां में 2 और मरकच्चो में 4 योजनाएं है। सीएच+2 हाई स्कूल के सामने जिला परिषद की जमीन पर दुकानों को तोड़कर नए दुकान बनाया जायेगा, इसमें निविदा की प्रकिया से संबधित कार्य अंतिम चरण में है। बैठक में जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, सांसद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, राजकुमार यादव, सुधीर सिंह, विजय सिंह, जिप सदस्य महादेव राम, शांति प्रिया, नीतू कुमारी, मीता देवी, महेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, केदार यादव, प्रीति देवी, नीतू यादव, प्रमुख सत्यनारायण यादव, विजय सिंह, सुषमा देवी समेत सभी विभाग से संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## भर्ती कैंप में 26 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी कोडरमा के मार्गदर्शन में जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा के कार्यालय परिसर में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन नीति के तहत स्थानीय बेरोजगार उम्मीदवारों को लाभ प्रदान करने के उद्देष्य से दो दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन के क्रम में उपस्थित आवेदकों को साक्षात्कार के आधार पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल द्वारा 13, ग्रीजली द्वारा 6 अभ्यर्थियों का चयन डैफोडिल फूड के द्वारा 7 अभ्यर्थियों कस चयन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन के क्रम में स्थानीय उम्मीदवारों को अधिक से अधिक नियोजन निजी क्षेत्र में प्रदान करवाने के उद्देष्य से जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय प्रयासरत है।

भर्ती कैम्प में जिला नियोजनालय कार्यालय के अनिल प्रसाद, उव लिपिक, अभिषेक, यंग प्रोफेशनल, राजकुमार यादव, कम्प्युटर आपरेटर, प्रेम शंकर, अविनाश कुमार और सचिन कुमार, सुरक्षा प्रहरी का भी सहयोग सराहनीय रहा।

## कार्यपालक ने पंचखेरो जलाशय योजना का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो से महज एक किलोमीटर दूरी पर स्थित पंचखेरो जलाशय योजना का निरीक्षण कार्यपालक अभियंता प्रभाकर दास जल पथ प्रमंडल बरही (हजारीबाग) के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जलाशय का दायां मुख्य नहर और बायां मुख्य नहर दोनों नहर के आउटलेट गेट खोल कर जायजा लिया। अनावश्यक तरीके से बड़े पमाने पर बह रहे पानी को रोकने हेतु निरीक्षण किया और लाइनिंग आउटलेट इत्यादि सभी कार्यों का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ जलाशय मेड़ पर बने रोड का जर्जर व टूट-फूट को देखते हुवे मरम्मत की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान सतीश कुमार सहायक अभियंता, कनीय अभियंता अंकित कुमार, प्रभात कुमार साथ में मौजूद थे। वही कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दिया कि सभी जर्जर कार्य का प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु सरकार को भेजा गया है और पचखेरो में फंड दो वर्षों से नही मिला है। फंड मिलने के तुरंत बाद संविदा निकाल कर सभी कार्यो की मरम्मत करवा ली जायेगी।

## भाकपा माले ने किसान मजदूर के समर्थन में दिया धरना

# सरकार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित धरना स्थल में भाकपा माले से संबंध झारखंड मजदूर किसान समिति के तत्वावधान में किसान मजदूर के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के माध्यम से राष्ट्रपति भारत सरकार को विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से 10 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। जिसमें बुलडोजर राज नहीं चलेगा सभी अनाधिकृत बस्तियों और भूमिहीनों का मुकम्मल सर्वे के आधार पर नया वास, आवास कानून बनाओ। मनरेगा की मजदूरी दर 600 करो, मांग के अनुसार काम और समय पर भुगतान की गारंटी करो डिजिटल हाजिरी का निर्णय वापस लो।

दलित आदिवासी गरीबों का बिजली बिल माफ हो और 200 यूनिट बिजली फ्री देने की व्यवस्था केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करें। सभी आदिवासी दलित गरीबों मजदूरों महिलाओं को न्यूनतम 3000 मासिक पेंशन की गारंटी करो उज्जवला गैस की शुरूआती कीमत पर रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करें। केंद्र सरकार खाद्य पदार्थ को जीएसटी के दायरे से बाहर करें शिक्षा व्यवस्था के निजीकरण पर रोक लगाई जाये। सुखाड़ राहत योजना के तहत जिन किसानों का राशि भुगतान नहीं हुआ है उन्हें अविलंब भुगतान कराने की पहल किया जाये। बकाया किसानों के केसीसी ऋण माफी भुगतान कराई जाये। प्रधानमंत्री कृषि निधि का पैसा किसानों के खाते में भुगतान कराई जाये। किसानों के जमीन संबंधित दाखिल खारिज रसीद निर्गत खाता प्लॉट सुधार की समस्याओं में सुलभ करते हुए ठीक करने की गारंटी की जाये। किसानों की सिंचाई व्यवस्था समुचित किया जाये । धरना की अध्यक्षता किसके राज्य परिषद सदस्य कॉमरेड घनश्याम पाठक और संचालन कॉमरेड दुलारचंद प्रसाद के ने किया गया घनश्याम पाठक ने धरना को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों का जमकर विरोध किया और कहा कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है और दूसरी ओर आम आवाम को रोज नए-नए दांवपेच से गुजारना पड़ता है अगर सचमुच प्रधानमंत्री चाहते हैं की आम खास आदमी कि पूंजी पारदर्शी हो तो आधार से चल अचल क्यों नहीं जोड़ते हैं जो बेनामी संपत्ति है उसका खुद पदार्फाश हो जायेगा गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि हुई है उज्जवला योजना के नाम पर लोहे का टंकी देकर लोगों को ठगा गया है। विष्णुगढ़ के बेरोजगार नौजवान दूसरे प्रदेश में रोज जान गवा रहें हैं और स्थानीय सांसद विधायक मौन है इस ओर ध्यान नहीं दे रहें है विष्णुगढ़ के वर्षों लंबित मांग अनुमंडल का आज भी अधूरा है। धरना में मुख्य रूप से माले नेता बासुदेव मंडल भोला प्रसाद सिंह दुलारचंद साव डिल्लों सिंह भिखो भुईयां करीमुद्दीन अंसारी अशोक कुमार साहू बाबूलाल कुम्हार इंद्रमणि गोप भुनेश्वर यादव जयराम सिंह तिलक कुमार रामदास सिंह कार्तिक सिंह समेत कई लोग शामिल हुए थे ।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बने बालेश्वर महतो



**बडकागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी के ने बड़कागांव निवासी बालेश्वर महतो की संगठन में सक्रियता को देखते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। पार्टी के नीति, सिद्धांत और केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा। इनके मनोनयन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बिनोद भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोरी राणा, रामपति राम, मोर्चा के जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर, रामचंद्र चौधरी, महामंत्री कैलाश कुमार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, टुकेश्वर प्रसाद, बालेश्वर कुमार, नरसिंह प्रसाद, पूनम साहू, खेमलाल महतो, नगर पुर्वी अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पश्चिमी अध्यक्ष रामजी गुप्ता, इंद्र भूषण, जमुना महतो, अयोध्या यादव, जिला सह मीडिया प्रभारी तुलसी प्रसाद ने हर्ष व्यक्त किया।

## कबाड़ में उगा रहे हरियाली, छत से लेकर आंगन तक लगे हैं पेड़



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शहर के व्यवसाइ विजय प्रसाद और उनकी पत्नी सरिता विजय ने कबाड़ में फेंक दिये जाने वाले समान का इस्तेमाल कर स्वच्छता और पर्यावरण का जीता जागता उदाहरण पेश कर रहे हैं। इसी को लेकर दोनो काफी लोकप्रिय भी हैं। घर की छत से लेकर कमरे तक नहीं मिठाई वाले डब्बे झाड़ू की प्लास्टिक पैकिंग नारियल की खोल में लहलहाते पौधों की पंक्तिवद्ध श्रृंखला लगाकर इन्होंने हरियाली को समृद्ध किया है। 1600 स्क्वायर फीट परिसर की खाली जमीन पर ना सिर्फ फलदार वृक्ष बल्कि तरह तरह के सैकड़ो पौधे भी लगाये है। स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा का यह जुनून दंपत्ति पर पिछले 40 वर्षों से सवार है। इनके इस अनूठे प्रयास का रोटरी क्लब ने भी काफी सराहना की थी। इसके लिए क्लब ने दंपत्ती परिवार को पुरस्कृत भी किया था। यह भी बताया कि पेड़ पौधे के संरक्षण में नष्ट ना होने वाले प्लास्टिक एवं वस्तुओं का उपयोग गमले के रूप में कर घर परिसर को स्वच्छ रखने में मदद मिलती है उन्होंने अपने संदेश में कहा कि धरती को बचाने में पांच सुत्र है। जिसमें जनसंख्या नियत्रंण, वृक्षारोपण, पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करना, पानी की एक एक बूंद को सहेज कर रखना और बिजली की कम खपत से धरती को बचाया जा सकता है।

## गाल्होबार के मजदूर की बिल्डिंग से गिरने से मौत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला रूक नहीं रहा है। लगातार उनकी मौत की खबर आ रही है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बिल्डिंग से गिरने से हो गई। बताया जाता कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाल्होवार निवासी जाकिर अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र शाहनवाज वारसी उर्फ चुक्की की महाराष्ट्र के कोल्हापुर की बुधवार शाम को काम करने के दौरान चार मंजिले बिल्डिंग के बालकनी से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। वहीं इस दुखद घटना को लेकर प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकंदर अली ने कहा कि हमारे झारखंड के हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो रही हैं। जो एक बड़ी चिंता का विषय हैं। इसलिए मैं झारखंड सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि मृतक परिवारों को कंपनी के साथ-साथ सरकार की ओर से उचित सहयोग राशि दी जाय।

## साइबर ठगों ने युवक के खाते से उड़ाये हजारों रुपये

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** थाना क्षेत्र केसडा निवासी काली प्रसाद महतो पिता भुवनेश्वर महतो के बैंक खाते से साईबर ठगों ने 53 हजार रुपए उड़ा लिए है। युवक ने मामलें की शिकायत टाटीझरिया थाना में किया है। काली प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले आनलाईन शौपिंग किया था। सामान पसंद ना आने पर उसने रिटर्न करने के लिए गुगल का सहारा लिया और कंपनी का नंबर ढुंढा। संपर्क करने बाद साईबर ठगों ने 8709550021 मोबाइल नंबर पर दो रुपए फोन पे करने के लिए उससे कहा और मोबाइल फोन में ऐनीडेस्क ऐप डाउनलोड कराकर केवाईसी के नाम पर पुरा डिटेल्स लिया। इसके बाद एसबीआई शाखा से 53 हजार रुपए उड़ा लिए गये। साईबर ठगों ने उससे फोन कर कहा की आपका पैसा सुरक्षित है पैसा वापस आ जायेगा ऐनीडेस्क ऐप में उसके ओर भी बैंक खाते को उससे लिंक करने को कहा गया। इसकी शिकायत उसने टाटीझरिया थाना पहुंच कर किया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि साईबर ठगों ने लोगो का एकाउंट खाली करने का यह नया तरीका अपनाया है। लिंक भेजकर ऐप डाउनलोड कराया जाता है और खाते से रुपए उड़ाने में वह कामयाब हो जाते हैं। थाना प्रभारी ने लोगो से इससे सावधान रहने व अपना पर्सनल डिटेल्स ओटीपी इत्यादि नही देने की अपील की है।

## हल्की बरसात में जीटी रोड बना तालाब

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य कर रही एजेंसी राजकेशरी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की लापरवाही से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों के मुताबिक एजेंसी ने सुरक्षा मानक में लापरवाही और वरीय पदाधिकारियों की मौन व्रत के कारण दर्जनों लोग अब तक मौत के मुंह में समा चुके हैं। वहीं गुरुवार को हुई हल्की बारिश से सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे तालाब में तब्दील हो गई। स्थानीय ग्रामीण अशोक गुप्ता ने बताया कि एक महीने पूर्व निर्माण एंजेसी के द्वारा सड़क किनारे गड्ढे खोदकर छोड़ दी गई जिससे हल्की बारिश होने से सड़क किनारे की गई गड्ढे तालाब में तब्दील हो चुकी है। इससे राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बेकिन वरीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों के मौन व्रत धारण से सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 30 से शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नयाटॉड़ के कुम्हरडीहा में 30 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू होगी, जो 4 मई तक चलेगा। यज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव अरघु महतो, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, उप सचिव राजेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर, जयपाल ठाकुर, पप्पू कुमार, मुरली महतो, हेमंत महतो, मनोज ठाकुर, अनूप रंजन, गौतम ठाकुर, विनोद महतो, बादल कुमार, भवानी महतो, छटू कुमार, कुंवर महतो, ब्रह्मदेव रवानी, राजेंद्र महतो, अशोक महतो, जागेश्वर प्रजापति, रविंद्र महतो, देंवाली महतो, कुलेश्वर ठाकुर समेत सभी सदस्यगण अहम योगदान दे रहे हैं। 30 अप्रैल को रांची विश्वविद्यालय के गोल्ड मेडलिस्ट संस्कृत ज्योतिष आचार्य उमेश पाठक द्वारा यज्ञ का विधि विधान करवाया जायेगा।

## मुख्य चौक पर लगी हाई मास्क स्ट्रीट लाइट



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के टाटीझरिया, डहरभंगा और मंगरपट्टा चौक तीनों स्थानों पर हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, डहरभंगा मुखिया रेखा देवी, बेडम मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि विकास के लिए वह कृत संकल्पित हैं। लंबे समय से लोगों की मांग थी कि टाटीझरिया चौक पर हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगाया जाये। जो अब पूरा हो गया है। हाई मास्क लाइट लगने से ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से हम लोगों की यह इच्छा थी कि आबादी क्षेत्र होने के कारण इन चौकों पर हाई मास्क लाइट लगे जो अब लगाया गया।

## डीसी ने आधारभूत संरचनाओं और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर की समीक्षा

# सांडी-रजरप्पा मार्ग में बचे कार्य को जल्द पूर्ण करें : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** आधारभूत संरचना और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में डीसी ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी लेने के उपरांत शत प्रतिशत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने सांडी-रजरप्पा मार्ग में बाकी बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किये गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।

### ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश

डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### समस्याओं को अवगत कराने का निर्देश

समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## तोपा में सामूहिक सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन

# प्रेम, भाईचारे को बढ़ावा देता सरहुल : दयामंति देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**कुजू।** सरहुल प्रकृति पर्व है। यह आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देता है। साथ ही, यह पर्व हमें जल, जंगल व जमीन की रक्षा की सीख देता है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने सरना समिति तोपा कोलियरी द्वारा आयोजित सामूहिक सरहुल पूजा महोत्सव के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सरना मैदान तोपा में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति प्रकृति से जुड़ी है। यहां के सभी पर्व में प्रकृति की पूजार्चना की जाती है। आयोजित सरहुल महोत्सव की शुरूआत पाहन द्वारा सरना मंडप में पूजार्चना व प्रसाद का वितरण कर किया गया। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट व बैज लगाकर स्वागत किया। वहीं, अतिथियों ने फीता काटकर सांस्कृतिक मंच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही, कार्यक्रम को सरना म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार इग्नेश कुमार, संगीता देवी, अमित कुमार समेत कई कलाकारों ने सरहुल महोत्सव के मौके पर एक से बढ़कर एक झारखंडी गीत की प्रस्तुति कर मौजूद लोगों को मनोरंजन किया। मौके पर आजसू नेता रामभजनलाल महतो, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, रामचल मुंडा, शंकर करमाली, लोकनाथ रजवार, मुखिया गुड़िया देवी, उप मुखिया विजय कुमार पासवान, पूर्व मुखिया दुलारी देवी, पूर्व मुखिया निर्मल करमाली समेत विनोद मुंडा, महादेव मांझी, अभिषेक उरांव, निर्मल गंझू, मनीष उरांव, सहदेव मांझी, अनिल गंझू, धर्मेंद्र, अमित मुंडा, सुजीत मुंडा, अवधेश कुमार, प्रभु गंझू, रवि उरांव, संतोष मुंडा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# टीवी से ग्रसित मरीजों की नियमित रूप से करें निगरानी : डीडीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित टीबी फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीपीसी आशीष आईंद के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने इलाजरत मरीजों की नियमित रूप से निगरानी करने का भी निर्देश दिया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को डीडीसी ने दिए निर्देश बैठक में डीडीसी ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज को प्रशिक्षण रोस्टर तैयार करते हुए टीबी से जुड़े सभी सरकारी और गैर सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने टीबी से ठीक हुए मरीजों को भी प्रशिक्षित कर उन्हें आई कार्ड निर्गत करने का निर्देश दिया। जिससे वे टीबी से जूझ रहे मरीजों की सहायता करने में समर्थ हो।

**प्रचार प्रसार कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने का निर्देश**

बैठक के दौरान डीडीसी ने टीबी के कारण हुए लोगों की मृत्यु पर घोर चिंता व्यक्त किया।

साथ ही मृतकों की संख्या कम करने के लिए टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़े सभी लोगों को टीबी मरीजों की नियमित रूप से निगरानी करने और ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, पिरामल स्वास्थ्य से अजय नारायण दुबे, अर्पिता, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिलान्यास और उद्घाटन में शामिल हुई विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के चाहा में 1 करोड़ 39 लाख की लागत से चेटर रोड से चाहा तक कालीकरण रोड और पुलिया निर्माण का कार्य का उद्घाटन और 61 लाख की प्राक्कलित राशि से कोर्ट परिसर में मॉडल मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास और उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं दी जा रही है। नगर परिषद क्षेत्र के एक भी गांव में कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। बारी बारी से सभी गांव में प्रमुखता के आधार पर कार्य किया जायेगा। मौके पर वार्ड पार्षद शिला देवी, भोला महतो, संतोष मानकी, विनोद मुंडा, आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, ललन सिंह, डालचंद ओहदार, मदन महतो, जयशंकर प्रसाद, रजनीकांत सिंह, मंटू सिंह, विक्रम तिवारी, मदन महतो, प्रदीप शर्मा, मुकेश मुंडा, नवरत्न मुंडा, मोहरलाल पहान, सुरेन्द महतो, सिबन महतो, हरिनन्दन महतो, मंजू देवी, सुशीला देवी, सरिता देवी, ममता देवी, रीना देवी, अर्चना सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# बेरोजगारी को लेकर मुखिया ने लिया अहम फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**टंडवा।** गाड़ीलौंग पंचायत में मॉडल पंचायत बनाने को लेकर पंचायत के मुखिया शबीदा खातून,मुखिया प्रतिनिधि सुभान अंसारी के नेतृत्व में एक आपातकालीन बैठक पंचायत भवन में की, जिसकी अध्यक्षता मुखिया शबीदा खातून, संचालन पुर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर साव ने किया। बैठक में भारी पैमाने पर बढ़ती बेरोजगारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमे सभी लोगो ने बताया की एनटीपीसी को हम सभी लोग जमीन देकर अपना भरण पोषण खत्म कर दिया हैं। जिससे आने वाले भविष्य में हमारे बच्चे का भरण पोषण कैसे हो सके इस पर गहरा मंथन किया गया। इस कर्म में पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रूकेदा खातून ने कहा कि मुखिया के नेतृत्व में एनटीपीसी से विकास को लेकर रोजगार, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क को लेकर एनटीपीसी प्रबंधन से संवैधानिक तरीके से मांग करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमलोंगो ने पूरी जमीन एनटीपीसी को दिया है और अन्य गांव की अपेक्षा अधिक जमीन दिया गया है, इस प्रकार हमारे पंचायत में उसी अनुपात में रोजगार से जोड़ने का काम एनटीपीसी करे। इस मौके पर मुखिया पति सुभान अंसारी, उप मुखिया प्रयाग दास, वार्ड सदस्य दिलीप राम, वार्ड सदस्य मोबीन अंसारी, किरण देवी, महेंद्र यादव, रंजीत राम, रफीक अंसारी, कृष्णा साव, गोविंद पांडा, मुकेश प्रजापति, लालमन साव, मोइन अंसारी, यशोदा देवी, प्रकाश पासवान, संगीता देवी, जसमुद्दीन अंसारी, भीम साव, बेगम निशा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पतरातू में पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

**पतरातु (आजाद सिपाही संवाददाता )। पतरातू प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने की। इस मौके पतरातू बीडीओ हरीनाथ महतो ने सदस्यों को जानकारी दी कि पंचायत समिति के मद में राशि का आवंटन सरकार द्वारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य इमानदारी एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने के लिए कटिबद्ध होना होगा। मौके पर उप प्रमुख बबीता पांडेय सहित अन्य पंसस सदस्य शामिल थे।**

# भारत विकास परिषद ने बिटिया की शादी में किया सहयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह की भव्य आयोजन की तैयारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के मरार बस्ती निवासी एक बिटिया की शादी में भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सदस्यों ने सकारात्मक व सराहनीय सहयोग किया। विकास परिषद के प्रयास से जरूरतमंद बिटिया की शादी में उपहार स्वरूप ड्रेसिंग टेबल, सेंट्रल टेबल, कुर्सी एवं अन्य कई सामग्री उपहार स्वरूप सहयोग किया गया है। इसे लेकर भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ के व्यवसायिक प्रतिष्ठान में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद बिटिया की शादी में उपहार दिया गया। भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों के प्रयास से कई उपहार का सहयोग किया गया। मौके पर परिषद के अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह सहयोग का सिलसिला आगे भी यूं ही निरंतर जारी रहेगा।

**परिषद अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है : मेवाड़**

पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ ने कहा कि भारत विकास परिषद लगातार इस प्रकार के सहयोग में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है।

गरीब बेटी की शादी कराना बड़ा धर्म ही नही मानवता भी है। इस बार भी भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य में चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप में आयोजित कराने की तैयारी पर पर विचार विमर्श किया गया है, ताकि जरूरतमंद बिटिया की शादी धूम धाम से हो सके।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव डॉ अलोक रतन चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, रामप्रवेश गुप्ता समेत कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# सरना झंडा उखाड़ कर माहौल खराब करने का प्रयास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकाकाना।** सीआईसी बस्ती बरकाकाना स्थित सरना स्थल से असामाजिक तत्वों द्वारा सरना झंडा उखाड़ फेंकने का मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी आदिवासी छात्र संघ व आदिवासी समुदाय के लोगो को घटना की जानकारी मिली। घटना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीण व आदिवासी समुदाय के लोग हुए उपस्थित। घटना से आहत लोगो ने रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग बैंक ऑफ इंडिया बरकाकाना शाखा के समीप मार्ग को बंद किया। साथ ही आदिवासी समुदाय के लोगो ने बरकाकाना ओपी से लिखित शिकायत दर्ज कराई। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने घटना स्थल पहुचकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। ओपी प्रभारी प्रकाश ने रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग को बंद किये किये गए लोगो को जांच पड़ताल करने के उपरांत दोषी लोगों पर कड़ी कारवाई का भरोसा दिलाया, जिसके उपरांत लोगो ने रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग को खाली किया, जिसके उपरांत यातायात व्यवस्था पुनः सुचारू रूप से चलने लगा। बताते चलें कि आदिवासी समुदाय के लोगो की सूझबूझ एवम स्थानीय पुलिस प्रशासन की पहल पर तत्काल स्थिति पर काबू पाया गया, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा शांतिप्रिय माहौल को खराब करने की मंशा पर पानी फिरा। मौके पर आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, केंद्रीय प्रवक्ता पंचम करमाली, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामा मुंडा, स्थानीय वार्ड पार्षद सनियारो बारला, सुनील मुंडा सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

# झारखंड मजदूर सभा ने दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पतरातु ।** पतरातू अंचल कार्यालय के समक्ष गुरुवार को झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना के बाद झामास नेताओं के द्वारा पतरातू अंचल अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मनरेगा मजदूरी 600 रुपए करने, गरीबों को 200 यूनिट बिजली माफ करने, गरीबों और भूमिहीनों को जमीन का पट्टा प्रदान करने, जाति, आवासीय आदि प्रमाण पत्र समय पर निर्गत करने, सुखाड़ एवं फसल बीमा राशि का जल्द भुगतान करने, रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 7 को पतरातू प्रखंड से हटाकर रामगढ़ प्रखंड में जोड़ने, सहित 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर किशोर कुमार सिंह, प्रभु महतो, मनोज मांझी, सोहन बेदिया, कुलेश्वर बेदिया, उमेश बेदिया, धनीराम प्रजापति, कुलेश्वर बेदिया, हीरालाल मुंडा, बासु देवी, बाबू सिंह, राजेंद्र राम, सनोज मुंडा, मगनी देवी, मनोज मुंडा, मुन्नी देवी, अमन कुमार घोषाल अन्य लोग शामिल थे।

# उपाध्यक्ष ने स्कूल को दिया कंप्यूटर गिफ्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** जीप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजू तिवारी ने जिले के इटखोरी प्रखंड के द विजन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के पठन-पाठन के लिए कंप्यूटर सेट भेंट किया है। गुरुवार को द विजन विद्यालय के संस्थापक नीरज सिन्हा को जीप उपाध्यक्ष अपने निजी कार्यालय चतरा में कंप्यूटर सेट को भेंट किया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक ने जिला परिषद उपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर सेट मिलने से विद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक पढ़ाई में सहूलियत होगी। बतादे कि कुछ माह पूर्व जीप उपाध्यक्ष ने द विजन पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में विद्यालय को कंप्यूटर सेट देने की घोषणा की थी। जीप उपाध्यक्ष ने जिले के कई स्कूलों में बच्चों के पढ़ाई के लिए कंप्यूटर मुफ्त में दिए है।

# ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी के गड़के मोड़ के पास ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार की अहले सुबह गड़के मोड़ से रामगढ़ की और आ रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। इस घटना में ट्रैक्टर में सवार मजदूर की मौत दब जाने से हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। मृतक की पहचान मुर्रामकला निवासी 24 वर्षीय मनीष कुमार पिता जलेश्वर महतो के रूप में की गई है।

# बिहार-झारखंड की सीमा से भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब पुलिस ने किया जब्त, तस्कर फरार

**बिहार ले जा रहे थे 10 लाख रुपये के नकली शराब, साथ ही नकली शराब फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़**

**पुलिस के कार्रवाई के बाद तस्करों में मचा हड़कंप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**चतरा।** अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र से करीब 10 लाख रुपये का अवैध नकली जहरीली शराब का खेप पुलिस ने जप्त किया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में गठित पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के जबड़ा और जजलो गांव में पुलिस ने भीम यादव, राकेश यादव, वृक्ष यादव और विकास कुमार के घर में संचालित अवैध नकली शराब फैक्ट्री का टीम ने खुलासा किया। इंपिरियल ब्लू कंपनी की 750 एमएल का 40 बोतल, 375एमएल का 15 बोतल अंग्रेजी नकली शराब, टंच कंपनी का 375एमएल का 41 बोतल देशी शराब, मैकडॉवेल कंपनी की 375 एमएल की 1666 बोतल, 180' की 960 बोतल अवैध अंग्रेजी जहरीली शराब की खेप जब्त की गयी।

तस्करी में प्रयुक्त टेंपो समेत विभिन्न कंपनियों का खाली बोतल, स्टीकर व कार्क भी पुलिस ने जप्त किया। शराब तस्करों और माफियाओं ने ड्राई स्टेट बिहार समेत अन्य बाजारों में नकली जहरीली शराब खपाने की घिनौनी साजिश था। यह जानकारी गुरुवार को इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। छापेमारी अभियान में एसआई नितेश कुमार दुबे, सुशील टोप्पो व उत्पाद निरीक्षक निर्मल मरांडी समेत पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम शामिल थे।

# मूलभूत सुविधा बहाल करने को ले मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने अपने ग्राम पंचायत के राजस्व गांव दुंदुवा में मूलभूत सुविधा बहाल करने को ले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में मुखिया ने कहा है कि दुंदुवा एक राजस्व गांव के साथ-साथ शत-प्रतिशत आदिवासी बहुल गांव है। तथा सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा विस्थापित गांव है। इतना ही नहीं रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास के अनुसार प्रत्यक्ष रूप से पूर्ण पर प्रभावित पंचायत है। फिर भी जिला प्रशासन के लगातार उदासीन एवं सौतेला रवैया के कारण यहां आज भी मूलभूत सुविधा सड़क, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, रोजगार आदि का घोर अभाव है। जबकि इस संदर्भ में यहां के ग्रामीणों एवं पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन को दर्जनों बार लिखित आवेदन किया गया है। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गई है।

**LOST & FOUND**

As per affidavit Ref. No. : 21751 dated : 06.04.2023 I, Satyam Jha, son of Sunil Kumar Jha, age about-24 Yrs., Resident at Shyam Dham Apartment, 1B, Harihar Singh Road, Morhabadi, P.S-Bariyatu, District-Ranchi, do hereby solemnly affirm declare as under :-

1. That my name is SATYAM JHA and my date of birth is 17.01.1999.
2. That I have passed class 12th in the Year 2017 from D.A.V. Public School, Bariatu, Ranchi, under C.B.S.E. Board Delhi.
3. That my 12th pass Transfer certificate is lost, issued by DAV, P.S.- Bariatu.but my aforesaid original certificate lost between Harihar Singh Road to D.A.V. School, Bariyatu on dated 05.04.2023 at 11 A.M. which is not traceable till today.
4. That this affidavit done to lodge a F.I.R. nearest Police station that is Bariyatu P.S - Ranchi.
5. That the above statement are true & correct.

# नीतीश कुमार की मौकापरस्ती

बिहार में एक आइएएस ऑफिसर की हत्या के मामले में जेल काट रहे पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन मंगलवार को रिहा कर दिये गये। खास बात यह कि इस रिहाई का रास्ता उस नीतीश कुमार की सरकार ने साफ किया, जो किसी जमाने में सुशासन बाबू की सरकार कही जाती थी। नीतीश कुमार गवर्नेंस को लेकर अपनी साफ छवि के लिए मशहूर थे। उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी ही यह मानी जाती थी कि उन्होंने बिहार में कानून का राज कायम किया। हालांकि इस दावे पर सवाल खड़े करने की कोशिशें भी लगातार चलती रहीं, पर नीतीश कुमार बार-बार राजनीतिक पाला बदलते हुए भी यह सुनिश्चित करने का प्रयास जरूर करते रहे कि इस दावे से उनका साथ पूरी तरह न छूट जाये। दिक्कत यह है कि उनकी सरकार ने जिस तरह से पहले जेल नियमावली में बदलाव के जरिए सरकारी अधिकारियों की हत्या में शामिल लोगों को माफी पाने की पात्रता दिलायी और फिर इसका इस्तेमाल करते हुए आनंद मोहन को जेल से छुटकारा दिला दिया, उसकी किसी और रूप में व्याख्या संभव नहीं है। यह बात सही है कि प्रावधान बदले जाने का फायदा अकेले आनंद मोहन को नहीं, बल्कि उनके साथ-साथ कई अन्य कैदियों को भी हुआ है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस बदलाव की जरूरत क्यों महसूस हुई। जनहित का ऐसा कौन सा मुद्दा इससे जुड़ा था? जाहिर है, इस रिहाई की एवज में सवर्ण वोटों के एक बड़े हिस्से में सेंधमारी करने का मकसद छोड़ दिया जाये तो इसका कोई और कारण ढूंढ़ना मुश्किल है। और यही ऐसा बिंदु है, जो न केवल नीतीश कुमार को बल्कि आज की समूची राजनीति को कटघरे में खड़ा कर देता है। आनंद मोहन के ही मामले की बात की जाये तो पक्ष-विपक्ष की शायद ही कोई धारा ऐसी हो, जिसने आनंद मोहन का अपने पक्ष में इस्तेमाल नहीं किया। इनकी रिहाई के लिए भी तमाम पार्टियों के लोग बयान देकर माहौल बनाते रहे हैं। अफसोस की बात यह है कि इस मामले में खुद को सबसे अलग और पाक-साफ बताते रहने वाले नीतीश कुमार ने भी खुद अपने चेहरे पर कीचड़ मलने की कवायद की है। कल तक नीतीश और विपक्ष में उनके दूसरे साथी कई मामलों में केंद्र में सत्तासीन बीजेपी को घेरने की कोशिश कर रहे थे, वे अब उस पर किस मुंह से आपत्ति करेंगे? यह कानून के शासन और संवैधानिक नैतिकता का आग्रह रखने वाले नागरिकों के लिए मायूसी का पल है। राजनीति की सभी धाराओं ने उन्हें निराश किया है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि राजनीति के इस पतन के पीछे वोट पाने की वही लालसा है, जिसे जातिगत समीकरणों पर आधारित वोटिंग बिहेवियर से खाद-पानी मिलता है। यानी इस बीमारी का इलाज भी अंतिम तौर पर वोटरों के ही पास है।

**आनंद मोहन के ही मामले की बात की जाये तो पक्ष-विपक्ष की शायद ही कोई धारा ऐसी हो, जिसने आनंद मोहन का अपने पक्ष में इस्तेमाल नहीं किया। इनकी रिहाई के लिए भी तमाम पार्टियों के लोग बयान देकर माहौल बनाते रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री हमारे लोगों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार पर अत्यधिक जोर देते हैं और उन्होंने भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्राथमिकता से संचालित कार्रवाई सुनिश्चित की है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए गहरे संरचनात्मक और निरंतर सुधार किए हैं और देश भर में सैचुरेशन लेवल का कवरेज प्राप्त करने के लिए अनुकूल रणनीतियों को भी लागू किया है।**

# 'मन की बात' के माध्यम से लोगों को स्वस्थ भारत की प्रेरणा



**डॉ विनोद के पॉल**

स्वास्थ्य और विकास आपस में जुड़े हुए हैं - केवल स्वस्थ नागरिक ही किसी राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार इस आदर्श के लिए प्रतिबद्ध है और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए अथक प्रयास किया है। प्रधानमंत्री हमारे लोगों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार पर अत्यधिक जोर देते हैं और उन्होंने भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्राथमिकता से संचालित कार्रवाई सुनिश्चित की है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए गहरे संरचनात्मक और निरंतर सुधार किए हैं और देश भर में सैचुरेशन लेवल का कवरेज प्राप्त करने के लिए अनुकूल रणनीतियों को भी लागू किया है।

सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। आज, केवल बीमारों का इलाज करने के बजाय हेल्थ एंड वैलनेस दोनों पर ध्यान दिया जाता है। भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा वित्तपोषित दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम- आयुष्मान भारत (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), एक मजबूत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए), ई-संजीवनी ओपीडी और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), ऐसी कुछ पहलें हैं, जो सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में चौतरफा परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए की हैं।

**सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है।**

2014 से (387 से 655 तक) मेडिकल कॉलेजों में 69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रस्तावित 22 नए एम्स में से 19 चालू हैं। 35 करोड़ से अधिक नागरिकों का डिजिटल स्वास्थ्य खाता (आभा, एबीएचए) बनाया गया है। टेलीमेडिसिन के तहत ई-संजीवनी को मुख्यधारा ने अपनाया है और अब तक 11 करोड़ रोगियों ने इस सेवा का लाभ उठाया है। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पहल के तहत, 156,000 उप-केंद्रों (एससी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में बदलाव आया है। एक नया मध्य स्तरीय स्वास्थ्य पेशेवर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तैनात किया गया है। उप केन्द्रों में एचडब्ल्यूसी को 105 दवाएं और 14 डायग्नोस्टिक परीक्षण प्रदान करना अनिवार्य है, और पीएचसी में वे 172 मुफ्त दवाएं और 63 मुफ्त डायग्नोस्टिक परीक्षण प्रदान करते हैं।

सभी सरकारी योजनाओं का मूल्य केवल उनके अंतिम-मील तक वितरण के माध्यम से महसूस किया जाता है। इसके लिए सक्रिय स्वामित्व और लोगों की भागीदारी की आवश्यकता है।

इस संबंध में, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से जनता से जुड़ने के साधन के रूप में रेडियो की क्षमता का बेहतर उपयोग किया है, जिसका वर्षों से एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में व्यापक प्रभाव पड़ा है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने बार-बार लोगों के बीच अच्छे स्वास्थ्य के विचार का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि ह्लस्वास्थ्य का अर्थ केवल रोगों से मुक्ति नहीं है। स्वस्थ जीवन हर व्यक्ति का अधिकार हैह्व उन्होंने विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 'मन की बात' का व्यापक रूप से उपयोग किया है और यह भी बताया है कि किस प्रकार उन्होंने देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों को लाभान्वित किया है।

मुझे याद है कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' पर आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के साथ बातचीत की थी, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को किफायती बनाने के लिए आभार व्यक्त किया था। इस तरह की बातचीत कल्याणकारी योजना के लाभ प्राप्त करने में संभावित लाभार्थियों के विश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे भारत के सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) को प्राप्त करने के सपने को बढ़ावा मिलता है। स्टेंट इम्प्लांटेशन और घुटने की सर्जरी की लागत कम करने और लगभग 10 करोड़ परिवारों को इलाज के लिए 5 लाख रुपये के बीमा के प्रावधान की प्रधानमंत्री की घोषणा दूर-दूर तक सुनाई दी। आज, आयुष्मान भारत योजना ने 4.8 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है।

जब केंद्र सरकार ने 2018 में 'पोषण अभियान' शुरू किया, तो प्रधानमंत्री ने बच्चों और माताओं के बीच पोषण संबंधी संकेतकों में सुधार के लिए जन आंदोलन का आह्वान किया। तब से, कई स्वयं सहायता समूहों और आंगनवाड़ी केंद्रों ने देश के बच्चों को कुपोषण और स्टंटिंग से मुक्त करने के लिए अद्वितीय और लक्षित समाधान खोजे हैं। जब असम से 'प्रोजेक्ट संपूर्ण' और मध्य प्रदेश से 'पोषन मटका' जैसी पहलों को लेकर 'मन की बात' में चर्चा की गई तो कई अन्य राज्यों के संगठनों ने अपने क्षेत्र में इसी तरह के मॉडल को दोहराया। इतना ही नहीं, इस तरह की मान्यता ने और लोगों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें मौजूदा आंदोलनों में ला दिया।

भारत में पारंपरिक चिकित्सा का एक लंबा इतिहास है, जो हजारों साल पहले का है। सरकार ने रोकथाम, कल्याण और उपचार में आयुष प्रणालियों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का संवाद हमारी पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों के बारे में देशवासियों के बीच अभूतपूर्व जागरूकता पैदा करने में सहायक रहा है। इसने समग्र स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती मांग और आयुष उत्पादों के उपयोग में भारी वृद्धि में योगदान दिया है। स्वस्थ जीवन के बड़े उद्देश्य के लिए पारंपरिक और आधुनिक प्रणालियों के बीच तालमेल बैठाने के लिए अब मांग बढ़ रही है।

कोविड-19 महामारी के दौरान 'मन की बात' का एक सशक्त राष्ट्रव्यापी प्रभाव देखा गया। मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग में लोगों के सहयोग से लेकर, फ्रंटलाइन वर्कर्स के प्रयासों को स्वीकार करते हुए, लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करने तक, 'मन की बात' ने एक माध्यम के रूप में आशा, संकल्प और विश्वास के अग्रदूत के रूप में अपनी भूमिका साबित की है। प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी के विरुद्ध संघर्ष को लेकर राष्ट्रीय प्रत्युत्तर के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन के साथ एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने उस कठिन समय में परिवार के देखभाल करने वाले बुजुर्ग के रूप में लोगों के साथ व्यक्तिगत संपर्क बनाने के लिए 'मन की बात' मंच का उपयोग किया।

'मन की बात' स्वस्थ भारत के लिए राष्ट्रीय एकता के निर्माण का सशक्त माध्यम बन गया है। जब प्रियंका प्रियदर्शिनी ने 'मन की बात' पर नि-क्षय मित्र के बारे में सुना, तो उन्होंने पांच रोगियों को स्वस्थ बनाने में उनका समर्थन करने के उद्देश्य से उन्हें गोद लिया!

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में टीबी से लेकर कालाजार तक और स्वच्छता से लेकर समग्र स्वास्थ्य से जुड़े कई विशिष्ट विषयों को छुआ है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के संवेदनशील मुद्दे पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने इस 'वर्जित' विषय पर चर्चा की और लोगों को खुली बातचीत करने और कठिन मानसिक स्थिति में मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हाल ही में 'मन की बात' के एक एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने अंग प्रत्यारोपण की बात की। उन्होंने नागरिकों को अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक अंगदान करने के लिए प्रेरित किया। दो परिवारों के साथ उनकी मार्मिक बातचीत, जिनके परिजनों ने दूसरों को जीवन देने के लिए अंगदान किया, मेरी आंखों में आंसू आ गए।

लोगों को प्रधानमंत्री में एक दोस्त और एक मार्गदर्शक आवाज मिली है और जब वह 'मन की बात' के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन और देखभाल की बात करते हैं, तो राष्ट्र वास्तव में सुनता है और कार्य करता है।

**लेखक : नीति आयोग के सदस्य हैं और यह विचार व्यक्तिगत हैं।)**



## जमशेदपुर की खबरें

# पश्चिमी सिंहभूम में अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन को किया आग के हवाले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर के आनंदपुर थाना अंतर्गत तिरिंगदिरी में एक जेसीबी मशीन को जला दिया गया है। यह घटना बुधवार रात 11 बजे के बाद की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार तिरिंगदिरी सीमा से रानाबुरु तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इस दौरान सड़क किनारे जेसीबी मशीन लगी हुई थी। पांच-छह की संख्या में लोग आये और मशीन को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि यह सड़क निर्माण कार्य आरएस एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। योजना अंतर्गत बनाये जा रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। सड़क किनारे मिट्टी की फिलिंग जेसीबी मशीन से हो रही थी। रात में मशीन तिरिंगदिरी के दराहकोचा टोला में खड़ी थी। निर्माण कार्य की देखरेख करनेवाले मुंशी राजकुमार राय ने बताया कि वह और जेसीबी का ड्राइवर बरंगा में रहते हैं। गुरुवार सुबह उन्हें मशीन जलाये जाने की सूचना ग्रामीणों से मिली। राजकुमार ने बताया कि रात 11 बजे के बाद पांच-छह लोग आये थे और मशीन को आग के हवाले कर दिया था।



# झारखंड राज्य के गृहरक्षक 15 मई को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के गृह रक्षक 15 मई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। सरकार के द्वारा चुनाव के पूर्व किये गये वादे के बाद भी राज्य के रक्षकों को खाली हाथ रहना पड़ा। वही न्यायालय के आदेश के बावजूद भी राज्य के जवान को समान काम-समान वेतन का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। जबकि अन्य प्रदेशों में लागू हो चुकी है। इस राज्य के लिए यह बहुत ही चिंतनीय विषय है। वहीं पड़ोसी रही बिहार में समान काम का समान वेतन के साथ-साथ राज्य के गृहरक्षक रिटायरमेंट हो जाते हैं उन्हें डेढ़ लाख रुपये तक राशि दी जाती है। 12 माह रोजगार प्राप्त है। भारत का सबसे धनी राज्य झारखंड सबसे गरीब अवस्था में जी रहा है। राज्य के जवानों में काफी आक्रोश है। 15 मई को झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली जायेगी।



## गालूडीह के दो स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त सचिव

# कोरोना संक्रमण को लेकर सावधानी बरतने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गालूडीह।** झारखंड राज्य के शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अक्षय कुमार ने गुरुवार को गालूडीह क्षेत्र के दो विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। संयुक्त सचिव ने अलह सुबह गालूडीह केबीआरसी परिसर में स्थित महुलिया आदर्श मध्य विद्यालय में निरीक्षण किया। विद्यालय में हो रहे प्रार्थना सभा में शरीक हो कर विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिका संग प्रार्थना किया। विद्यालय के विद्यार्थी के उपस्थिति पंजी, शिक्षक का अवकाश समेत अन्य पंजी का अवलोकन किया। बॉयोमेट्रिक एटेंडेंस का जानकारी भी लिया गया। विद्यालय के मध्यान्य भोजन के बारे में जानकारी लेते हुए साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए प्रभारी प्रधानापक पायल सरकार को निर्देश दिया गाय। उसके पश्चात संयुक्त शिक्षा सचिव अक्षय कुमार ने गालूडीह स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय पहुंचे। पूर्व घोषित कार्य विद्यालय में होने की जानकारी लिया। छात्राओं संग पढ़ाई एवं खाने पीने की जानकारी लिया गया। कोरोना संक्रमण को लेकर सावधानी बरतने की निर्देश वार्डन लिपिका साव और छात्राओं को दिया गया। छात्राओं द्वारा आग्रह किया गया कि विद्यालय से सटे स्वर्णरिखा परियोजन के खाली पड़े आईबी भवन को दिया जाये। इस पर संयुक्त सचिव ने कहा कि परियोजना के आईबी भवन केजीबिवी में समलित करने के लिए प्रक्रिया जारी है। जल्द ही भवन कस्तूरबा को दिया जायेगा, ताकि छात्राएं सही से विद्यालय में रह सके एवं अध्ययन कर सके।



## बारीडीह दुगार्पूजा मैदान में मारुतिनंदन हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ सह रामकथा का तीसरा दिन

# प्रतिमा की विविध उपचार के साथ की अधिवास पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्री पंचवटी हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं श्री 1008 मारुति नंदन हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ मंगलवार से हुआ है। इसी क्रम में सोमवार को बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान से कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें 501 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए यात्रा में शामिल हुई। आयोजन स्थल से कलश यात्रा बारीडीह बस्ती स्वर्णरेखा घाट पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल में कलश लेकर पुनः आयोजन स्थल पहुंची यहां आचार्य राजीव लोचन के द्वारा विधि विधान से कलश स्थापना किया गया। सारे अनुष्ठान पुजारी छोटू कांत झा की देखरेख में संपन्न हो रहे हैं। सोमवार को कलश यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। वहीं श्री राम कथा में कथा का महत्व बताने बक्सर से कथावाचक उमेश्वर शरण महाराज आये हैं। कथा के दूसरे दिन अन्नाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा-अर्चना की गयी। अन्न से प्रतिमाओं को आकंठ ढककर 101 किलो चना, 101 गेहूं और 101 किलो पांच प्रकार के दाल से अन्नाधिवास कराया गया।

वहीं गुरुवार को फूलों से पूरी तरह ढककर फुलाधिवास, विभिन्न गंधों से गंधाधिवास, घृत से घृताधिवास, वस्त्रों से वस्त्राधिवास एवं सबसे अंत में शय्याधिवास की पूजा की गयी। मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चल रहे यज्ञ में मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी गयी। गौरतलब है कि 25 अप्रैल से कथा शुरू हो गयी है, जो तीन मई चलेगी। चार मई को पूर्णाहुति और भंडारा का आयोजन किया जायेगा।



## जमशेदपुर एनएमएल में वन वीक वन लैब कैंपेन का आयोजन

# इंडस्ट्री के भविष्य की जरूरतों पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बमार्माइंस स्थित एनएमएल की ओर से वन वीक वन लैब कैंपेन का आयोजन किया गया है। कैंपेन का आयोजन 24 से 28 अप्रैल के बीच किया जा रहा है। गुरुवार को कैंपेन के चौथे दिन टेक्नोप्रेन्योशिप मीट और शिल्पकार मेला का आयोजन किया गया। एनएमएल के डायरेक्टर डॉ अभिनाश कुमार श्रीवास्तव ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और टेक्नोप्रेन्योशिप मीट के बारे में जानकारी दी. अभिनाश कुमार ने इस अवसर पर बताया कि किस तरह से यह मीट इंटरप्रेनयोर, स्टार्टअप और इंडस्ट्री के आवश्यकताओं को एक जगह पर मिलने का अवसर देगी और साथ ही इंडस्ट्री के भविष्य की जरुरतों को समझने में मदद करेगी। साथ ही यह मेक इन इंडिया के सपने को पूरा करने में सहायता करेंगी। इस मीट के मुख्य वक्ता के रुप में राजेश कुमार पाठक, सचिव टीडीबी कार्यक्रम में मौजूद रहें। राजेश पाठक ने कहा कि स्टार्टअप देश का भविष्य है. यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। यही कारण है कि टीडीबी एमएसएमई, स्टार्टअप और दूसरें स्टेकधारकों को एक एकल प्लेटफार्म मुहैया कराती है। मीट के सेंकड हाफ में वर्कशॉप, इंडस्ट्री की जरुरतों, एमएसएमइ और स्टार्टअप पर चर्चा हुई। इसके बाद डॉ उजल चक्रवर्ती ने टाटा स्टील के गौरवशाली इतिहास को याद किया। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर में लगे पहले स्टील प्लांट की बात भी की और कहां कि किस तरह देश के पहले और एशिया के दूसरे स्टील प्लांट ने ऑटोमोबाइल, आधारभूत संरचना के लिए गए विकास कार्यों में अपना सहयोग दिया। एनएमएल की ओर से टेक्नोप्रेन्योशिप मीट के पांचवे दिन यानि शुक्रवार को शैक्षणिक मीट का आयोजन किया जायेगा।



आजाद सिपाही

रांची, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023

www.azadsipahi.in




## डीसी की अगुवाई में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सहायक खनन पदाधिकारी को स्टोन खनन के डीएसआर के संबंध में निदेश दिया गया कि किसी क्षेत्र में खनन की आवश्यकता और उसका पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए। सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि पंचायत स्तर से बालू प्राप्त करने वाले की रसीद प्राप्ति समय अवश्य फोटोग्राफी करा ली जाय और एक रजिस्टर पर उसकी इंट्री हो। अंचल अधिकारी फोटो के साथ रजिस्टर का मिलान कर उसके सत्यापित करेंगे। उपायुक्त द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी से अप्रैल माह में अवैध रूप से बालू उठाव करने, पत्थर खनन करने और ईंट-भट्ठों पर की गई कार्रवाई के संबंध में पृच्छा की गयी। अवैध रूप से ईंट-भट्ठा चलाने वाले और शर्तों का पालन नहीं करनेवालों पर नियमित रूप कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से बालू उठाव करनेवालों पर भी कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सामाजिक न्याय मार्च में लोहरदगा से पांच हजार लोग जायेंगे रांची: नीरू शांति



लोहरदगा (आजाद सिपाही। लोहरदगा जिला आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक जिला प्रधान कार्यालय में जिला सचिव विलियम कुजूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं। बैठक में विगत 13 अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च और धरना प्रदर्शन की समीक्षा की गयी। समीक्षा के उपरांत सामाजिक न्याय मार्च व धरना प्रदर्शन को सफल करार दिया गया। साथ ही आगामी सभी कार्यक्रमों को इसी तरह सफल करने की बात कही गई। मौके पर मुख्य अतिथि नीरू शांति भगत ने विगत 13 अप्रैल को जिला स्तरीय न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए प्रखंड से लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों व प्रत्येक सदस्यों को बधाई दिया और कहा कि केन्द्रीय समिति द्वारा लोहरदगा जिले से 5000 लोगों को न्याय मार्च में रांची ले जाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में आगामी 30 अप्रैल को सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू पार्टी के द्वारा घोषित राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए लोहरदगा से बड़ी संख्या में सदस्यों को रांची में शामिल कराने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल कराने के लिए प्रत्येक प्रखंड अध्यक्ष व प्रभारियों को जिम्मेदारी व निर्देश दिये गये। बैठक में केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहु, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला प्रवक्ता रामचन्द्र गिरि, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, महिला जिला सचिव सरस्वती देवी, जिला उपाध्यक्ष हरी महली, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, वीरेंद्र पाहन, शायरा खातून, दिलीप साहू आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारा और सदस्यगण उपस्थित रहे।

## मनरेगा में पैसे की बंदरबांट की जांच जिला के उपायुक्त के नेतृत्व में हो: दिलीप



बरवाडीह (आजाद सिपाही। बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत में बने मनरेगा पार्क का सोमवार को प्रखण्ड प्रमुख व उप प्रमुख ने निरीक्षण कर अनियमितता की शिकायत करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की मांग थी। जिसकी खबर प्रमुखता से आजाद सिपाही मे प्रकाशित किया गया था। प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख ने सोमवार को खुरा पंचायत में बनाए गए मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत प्रमुख व उप प्रमुख ने कहा कि पंचायत में बनाए गए मनरेगा पार्क में आम बागवानी दीदीबाड़ी देखरेख के अभाव में सूख रहे हैं। इसमें लगाए आधे से अधिक पौधे मर रहे हैं। उन्होंने कहा की मनरेगा पार्क के नाम पर बनाया गया तालाब,कुआं,डोभा कही नहीं दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही बकरी पालन, मुर्गी पालन,सूअर पालन में एक भी जानवर दिखाई नहीं दे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा पार्क के नाम पर लाखों रुपए की लूट खसोट हुई। प्रमुख व उप प्रमुख ने कहा कि इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हुए उच्च स्तरीय जांच करवाया जाएगा। जिससे दोषियों की पहचान कर उस पर उचित कार्रवाई हो सके। जिसके बाद दूसरी और मनरेगा विभाग के सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव गुरुवार को चतरा लोकसभा के सांसद सुनील सिंह को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। साथ ही दिलीप सिंह यादव ने कहा की मनरेगा में बहुत से जगह जंहा सरकार की पैसे की बंदरबांट की जा रही है। इसकी जांच जिले के उपायुक्त के नेतृत्व में हो।

## जनसेवकों ने ग्रेड पे सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जनसेवकों ने ग्रेड पे सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जनसेवकों ने ग्रेड पे 2400 से 2000 करने के विरुद्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को ज्ञापन सौंप कार्य बहिष्कार किया वहीं इस संबंध में जनसेवक सत्यकाम श्रीवास्तव, संदीप कुमार रजक, सुजीत उराँव ने बताया कि जनसेवक संवर्ग को षडयंत्र के तहत कृषि विभाग द्वारा ग्रेड पे कम करने के विरोध में आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। साथ ही कहा की झारखंड राज्य जनसेवक संघ का आपातकालीन बैठक आहूत किया गया। जिसमें नियम के विरुद्ध वर्तमान में ग्रेड पे कम करने का नियम झारखण्ड सरकार के कृषि निर्देशक,कृषि मंत्री एवं कृषि सचिव द्वारा सहमति देने के विरोध में क्रमबद्ध हड़ताल प्रदर्शन हेतु सहमति बनी.साथ ही 28 अप्रैल 2023 को झारखण्ड प्रदेश के सभी जनसेवको द्वारा कृषी निदेशालय रांची के समक्ष सामूहिक अवकाश कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही बताया की जनसेवक जो आवश्यक सेवाओं में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे सभी अपने वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए कलम बंद कार्य करते हुए बहिष्कार में शामिल हो गए हैं। इस दौरान सभी जनसेवक अपने कार्यालयों में उपस्थित दर्ज करेंगे और कलम बंद कर कार्य का बहिष्कार जारी रखेंगे। वही आगे बताते हुए कहा कि विभाग के द्वारा उक्त आदेश को वापस नहीं लिया जाता है। तो आंदोलन को रखते हुए। सभी जनसेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के विवश हो जायेंगे। मौके पर सत्यकाम श्रीवास्तव, नागमनी उराँव, संदीप कुमार रजक, सुजीत उराँव, अजय कुमार वर्मा, मेहरानी टोप्पो, अधीश खाखा, निलमनी कुजूर, ओमप्रकाश साहु सहित सभी जनसेवक मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर ग्राम प्रधानों के चयन का प्रतिवेदन उपलब्ध कराना करें सुनिश्चित: बीडीओ

गारू (आजाद सिपाही)। गारू प्रखण्ड के तीन पंचायतवारेसाड़, मायापुर, धांगरटोला में ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधानों को चयन को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने आदेश किया जारी। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार पांच माह पूर्व ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान का चयन कर प्रतिवेदन की मांग की गयी थी। जिसके आलोक में अब प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए 24 घंटे के अंदर ग्राम सभा करते हुए ग्राम प्रधानों का चयन प्रतिवेदन सुनिश्चित करने को लेकर पत्र जारी किया है।

# जेजेएमपी के एरिया कमांडर सतेंद्र उरांव ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता




लातेहार (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के नई दिशा कार्यक्रम के तहत जेजेएमपी के एरिया कमांडर पांकी थाना क्षेत्र के इरगू गांव निवासी सतेंद्र उरांव उर्फ अभिमन्यु उर्फ मामा ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सरेंडर किया। पुलिस अधीक्षक ने एरिया कमांडर को शाल भेंट कर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सरेंडर करने के बाद एरिया कमांडर सतेंद्र ने कहा कि 2019 में जेजेएमपी के उग्रवादी विकाश जी के दस्ता में शामिल हुआ था। उन्होंने मुख्यधारा से भटके हुए लोगों से सरकार की योजना का लाभ उठाते हुए सरेंडर करने की अपील की। सतेंद्र पर लातेहार जिले में दो कांडों में मामला दर्ज है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि 2021 में लातेहार थाना क्षेत्र के नावाडीह जंगल में जेजेजमपी व पुलिस के बीच मुठभेड़ में जगुआर के डिप्टी कमांडेट राजेश कुमार शहीद हो गए थे। इस मुठभेड़ में जेजेजमपी के एरिया कमाण्डर सतेंद्र उरांव शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि झारखंड में धीरे धीरे नक्सली क्षेत्र में कमजोर होते जा रहे हैं। झारखंड सरकार के नई दिशा कार्यक्रम के तहत उग्रवादी सरेंडर कर रहे हैं। सीआरपीएफ 11वीं बटालियन का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की उग्रवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत झारखंड पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा से भटके हुए नक्सलियों को मुख्य धारा में लाने के लिए पुलिस व सरकार कटिबद्ध है। इस मौके पर सीआरपीएफ कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार कनौजिया, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# शहर में अधिष्ठापित सीसीटीवी का एससीए योजना अंतर्गत सर्वे कराने का निर्देश

### कुडू में डेयरी प्लांट, दीदी कैफे के लिए भंडरा और सदर प्रखंड में चिह्नित भूमि का घेराबंदी कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में एससीए अंतर्गत पेशरार नाला में गार्डवाल निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा को कचरा एकत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रखण्ड में तीन-तीन वाहन के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। शहर में अधिष्ठापित सीसीटीवी का एससीए योजना अंतर्गत सर्वे कराने, जिसमें मरम्मति नहीं हो पाने वाले खराब सीसीटीवी को बदले जाने, मरम्मति के लायक सीसीटीवी को मरम्मति के लिए भेजे जाने और सभी सीसीटीवी को सोलर यूपीएस से जोड़े जाने के लिए योजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। नंदिनी डैम के पास एक पार्क विकसित किये जाने हेतु योजना तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा बैठक में एससीए अंतर्गत पहले से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें पेयजलापूर्ति की योजनाएं, आंगनवाड़ी मरम्मति से संबंधित प्राप्त गुणवत्ता का प्रतिवेदन,विद्यालयों में पेयजलापूर्ति की योजनाएं, कुडू में स्ट्रीट लाइट की योजना आदि शामिल रहीं। आईएचएम को होटल मैनेजमेंट से संबंधित शॉट टर्म के कोर्स भी तैयार किये जाने हेतु जिला योजना पदाधिकारी को समन्वय स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नये बैच के स्थिति की समीक्षा की गयी और सर्टिफिकेट के संबंद्धता हेतु की कार्रवाई की समीक्षा की गई। कुडू प्रखंड में डेयरी प्लांट और जेएसएलपीएस अंतर्गत दीदी कैफे के लिए भण्डरा एवं सदर प्रखंड में चिन्हित भूमि का घेराव कराने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। जिला स्तरीय ई-लाईब्रेरी के कंटेंट तय करने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया जिसमें उप विकास आयुक्त, बीएस कॉलेज के प्राचार्य एवं एक विद्वान प्रोफेसर और पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज होंगी। नीति आयोग से प्राप्त राशि का पेशरार व किस्को में जनजातीय समूह के लोगों के लिए आजीविका संबंधी योजना में उपयोग करने के लिए योजना बनाने का निर्देश संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एएसपी अभियान दीपक पांडेय, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,सहायक जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक की दब कर मौत

भंडरा/लोहरदगा( आजाद सिपाही)। कुट्टी काटने का मशीन सहित ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर में दबकर ट्रैक्टर का मालिक सह चालक लियाकत अंसारी की मृत्यु हो गयी। लियाकत अंसारी पिता असगर अली लोहरदगा थाना क्षेत्र के भजनिया गांव का निवासी था। वह ट्रैक्टर में कुट्टी काटने का मशीन लेकर गांव-गांव में कुट्टी काटने का काम किया करता था। धनामुंजी गांव में कुट्टी काटने के लिए गया था। इसी क्रम में ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारा पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रांची ले जाने के क्रम में लेयाकत मृत्यु हो गयी। इस संबंध में भडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# समृद्ध अभियान के तहत असुरक्षित परिवारों को चिह्नित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत चितरी ग्राम में दीप ग्राम संगठन के माध्यम से एक बैठक आयोजित कराया गया। जेएसएलपीएस द्वारा संचालित कार्यक्रम संगठन से समृद्ध अभियान के तहत असुरक्षित परिवारों को चिन्हित किया गया। जिसके दौरान गाँव की महिला दीदियों को संगठन से समृद्ध अभियान के माध्यम से महिला समूह से जुड़कर रोजगार करने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के बारे में प्रखंड समन्वयक पूनम देवी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला समूह से जुड़कर कोई न कोई रोजगार करे और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बने साथ ही बताया गया कि गाँव मे छूटे हुए असुरक्षित ग्रामीण परिवार के सभी लोगो को महिला समूह से जोड़ना है। जिसे लोग स्वरोजगार कर स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बन सके और अच्छी तरह से परिवार का भरण पोषण कर सके। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि जेएसएलपीएस के अन्तर्गत रोजगार करने के अलावा बीमारी में इलाज कराने के लिये गाँव के गरीब असहाय परिवार की दीदियों को विलेज रिफ्लाइजिंग फंड के माध्यम से एक वर्ष के लिये व्याज रहित ऋण दिया जाता है। जिसे अत्यधिक जरूरी पड़ने पर 10 हनर रुपैया बिना व्याज का ले सकते हैं। और एक वर्ष के अंदर चुका सकते हैं। मौके पर संगठन सचिव अनिता देवी,लेखा पाल दुलारी देवी,सदस्य प्रभा देवी,शांति देवी,प्रतिमा देवी के अलावे महिला समूह की दीदी उपस्थित थीं।

# झारखंड में पदाधिकारी और सरकार दोनों लापरवाह : सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा की पीएमजीएसवाई सड़क संबंधित ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा पत्राचार करने के तीन महिने बाद भी जबाव मिलने पर लापरवाही और अनदेखी का कारण की जानकारी मुख्य सचिव, झारखंड शासन को पत्र के माध्यम से किया है। लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने 31 जनवरी को संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क मार्ग क्रमसः बढचोरगाई से चांदगो तक एवं कोर्गो से चांपी तक पथों का निर्माण कार्य में निर्धारित राशि के अलावे अधिक अलग से एस्टीमेट रिवाइज कर राशि की बंदरबांट करने पर नाराजगी जताते हुए। और विभाग से दोनों सड़कों की कुल मूल राशि, भुगतान की राशि, और रिवाइज की गयी राशि की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था। साथ ही दूरभाष के माध्यम से सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से बातचीत भी की थी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नियमों को नियमों का धज्जियाँ उड़ाते हुए जिला के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता के द्वारा एस्टीमेट का रिवाइज किया गया है। जबकि नियमानुसार किसी भी पीएमजीएसवाई योजना की डीपीआर की पुनः सुधार राज्य के सचिव स्तर के पदाधिकारियों पावर होता है। सड़क निर्माण जो बिल्कुल ही गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। यह माफीयोग्य नहीं हैं। ऐसे प्रकार के अन्य कार्यों का भी निष्पादन पावर का गलत इस्तेमाल कर की गई होगी। इसलिए लोहरदगा केनिवर्तमान कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना से लेकर सेवा समाप्ति तक के कार्य को जांच करने की बात कही थी। फिर भी संबंधित विभाग के सचिव के द्वारा पत्राचार का कोई उत्तर नहीं दिया गया। इस पर सांसद ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारी अधिकारियों का मनोबल राज्य सरकार बढ़ा रही है। ऐसे संगीन मामलों को तुरंत संज्ञान में लेकर राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए । परंतु यहां पर जवाब देना भी अधिकारी उचित नहीं समझते हैं अधिकारी बेखौफ इसलिए है कि वह जानते हैं की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर नहीं है सरकारी पैसे का लेखा जोखा कोई नहीं लेने वाला इसलिए विकास के नाम पर दो पैसे से कार्यान्वयन होनेवाली कार्य को दस पैसे का डीपीआर बनाकर राशि का बंदरबांट किया जा सकता है। आज यही कारण है कि झारखंड में कई वरीय पदाधिकारी आए दिन गलत कार्यों में संलिप्तता पाई जा रही है। फिर झारखंड में सरकार गहरी नींद में सोई है।

## लोहरदगा में फिर मिले दो कोरोना मरीज, एक्टिव केस की संख्या हुई 31

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने जानकारी देते हुए बताया कि लोहरदगा जिला में गुरुवार को दो कोरोना पॉजिटिव मरीज पाये गये हैं। लोहरदगा जिला में एक्टिव केस की संख्या 31 हो गयी है। उन्होंने कहा की कोविड को नियंत्रित करने के लिए लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में सदर अस्पताल और चिरी अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर चालू कर दिया गया है। इस माध्यम से दोनों अस्पतालों में कोविड के मरीज को हाई फ्लो ऑक्सीजन वाली बेड सहज उपलब्ध रहेगा। सेन्हा और भंडरा सीएससी ऑक्सीजन सिलेंडर से पाइप लाइन के माध्यम से कोविड-19 मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध होगा। सदर अस्पताल में 20 बेड हाई फ्लो ऑक्सीजन का बनाया है। विशेष परिस्थिति के लिए 26 वेंटीलेटर, 103 नेबुलाइजर मशीन, 103 पल्स ऑक्सीमीटर, 213 ऑक्सीजन सिलेंडर, एन 95 मस्क की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त कोविड की दवा, ट्रेंड नर्स, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह तैयार है। कोविड-संक्रमण बढ़ता है तो, अब लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। जिला स्तर पर ठोस तैयारी की जा चुकी है।

## 16 वर्षों से फरार लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पुलिस टीम को एसडीपीओ दिलु लोहरा के नेतृत्व में व थाना प्रभारी के प्रयास से 16 वर्षों से फरार लाल वारन्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद जेल भेज दिया। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार 2007 मे मुकुट अंजेलो कुजूर के पुत्र अनिल कुजूर उर्फ अनिल अंजेलो उम्र 31 वर्ष ग्राम गाड़ी टोला मतनाग थाना छिपादोहर आईपीसी 395 डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। जिसके बाद अबतक उक्त अभियुक्त पर छः लाल वारंट भी जारी किया गया था। इस दौरान थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पूर्व के लंबित कांडों पर लगातार अनुसंधान जारी है।कानून तोड़ने वाले लोगो को किसी भी हाल में बख्शा नही जाएगा।और पीड़ित लोगों को हरसम्भव मदद की जाएगी।

## डीसी की अगुवाई में यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सीआरपीएफ कमाण्डेंट के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में पेशरार स्थित नाला में गार्डवाल निर्माण का प्रस्ताव दिया गया जो स्वीकृत किया गया। सीआरपीएफ पिकेट में निर्माणधीन बाथरूम निर्माण का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया गया। ओनेगड़ा में पुल निर्माण के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को तीन दिनों के अंदर अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एएसपी अभियान दीपक कुमार पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, सभी कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## मल्टी जिम सेंटर में एडमिशन करानेवाले युवाओं को मिलेगा 20 परसेंट का डिस्काउंट

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के इचाक पंचायत के समीप नेगाई ग्राम के काली करण रोड के समीप खुले मल्टी जिम सेंटर में अभी एडमिशन कराने वाले युवाओं को 20 पर्सेंट का डिस्काउंट दिया जा रहा है यह जानकारी मल्टी जिम सेंटर के संचालक तस्लीम खान ने बताई है उन्होंने कहा कि ईद के सुनहरा अवसर पर यह ऑफर रखा गया है अभी एडमिशन कराने वाले युवाओं को यह डिस्काउंट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर त्यौहार में हम लोग कुछ न कुछ डिस्काउंट रखते हैं ताकि युवाओं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकें। जिम करना बहुत अच्छी बात है जिम करने से शरीर को फिटनेस रखा जा सकता है। हम लोगों का एक ही सोच था कि इस क्षेत्र में एक भी जिम सेंटर नहीं होने के कारण यहा के युवाओं को जिम करने के लिए लातेहार या बाहर जाना पड़ता था इसी को देखते हुए हमने अपने गांव अपने पंचायत में ही मल्टी जिम सेंटर खोलने का कार्य किया है यहां पर सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है खासकर तो फिलहाल अभी पेट से संबंधित लोग जिम में एडमिशन करा रहे हैं। फिलहाल 150 से ज्यादा लोग एडमिशन करा चुके हैं आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए हमने युवाओं के लिए कुछ ना कुछ ऑफर देते आये हैं फिलहाल हम लोगों ने सोचा है कि आने वाले त्यौहार में अच्छे फिटनेस और बॉडी बनाने वाले युवाओं को एक गिफ्ट देकर उनको पुरस्कृत करेंगे।

## जय श्रीराम समिति ने ब्लड डोनेट किया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में भर्ती एक गरीब व जरूरतमंद मरीजों को गुरुवार को जय श्री राम समिति के सदस्य अभिनव भगत ने तत्काल ब्लड डोनेट कर इलाज में मदद किया। बताया गया कि, शहर के पतरा टोली निवासी पीटर कुजूर के पुत्र अमित किंडो को ब्लड चढ़ाने की जरूरत डॉक्टरों ने बताया। मरीज के परिजनों ने जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति द्वारा तत्काल सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ब्लड डोनेट कराया किया। मौके पर समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि जीवन और मौत के बीच के फासलों को दूर करना हमारा लक्ष्य है खून की वजह से किसी गरीब की जान ना जाए ऐसा प्रयास हमेशा से जय श्रीराम समिति का रहा है और आगे भी रहेगा। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री संजय पासवान, लाल नितेश नाथ साहदेव, सूरज नाथ साहदेव आदि उपस्थित थे।

## भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा बेड़ो मुख्य पथ के भंडरा मसमानो मोड़ में गुरुवार को भंडरा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनो बाइक व चार पहिये वाहनों की जाँच की हेलमेंट नही पहने वाले बाइक चालकों को हिदायत देकर छोड़ा गया । वही इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। जिले में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण व बाइक सवारों द्वारा किए जा रहे अपराधों एव सड़क दुर्घटना पर लगाम कसने के इरादे से एसपी ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। भंडरा पुलिस ने थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व पर मसमानो मोड़ मे वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों वाहनों की जाँच की। कई को हिदायत देकर छोड़ा गया। वही इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन इस दौरान कुछ भी आपत्तिजनक पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान से बिना हेलमेंट वाले बाइक चालकों मे हड़कंप मच गया है।

## हिरन के कच्चे मांस के साथ एक गिरफ्तार, चार फरार

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पलामू टाइगर रिजर्व सुरक्षित वन क्षेत्र के छिपादोहार क्षेत्र से वन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेन्ना के गुप्त सूचना पर रेंजर शंकर पासवान के निर्देश पर पूर्वी वन क्षेत्र के वनपाल नंदकुमार मेहता के नेतृत्व में छापामारी कर वन्य जीव हत्या मामले में एक आरोपी हिरन शिकारी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीटीआर डायरेक्टर की सूचना पर प्रतिबंधित वन जीव अधिनियम के तहत पूर्वी वन प्रक्षेत्र के भट्ठी मुहल्ला छिपादोहर में छापेमारी कर हिरन के मांस के साथ रंजन सिंह उम्र 19 वर्ष पिता रुपनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के निशानदेही पर अन्य शिकारियों के यहां भी छापामारा किया गया।जिसमें सभी आरोपी फरार हो गये। जबकि पकड़े गए आरोपी रंजन सिंह के घर से 2 किलोग्राम हिरन के कच्चा मांस के साथ, पक्का हुआ मांस हिरण का शिकार, हिरण मांस बनाने का कुल्हाड़ी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। इस मामले में रंजन सिंह(19 साल) पकड़ा गया जबकि रितेश सिंह, रुपनाथ सिंह, राजकिशोर सिंह, मन्नू सिंह जो भागने में कामयाब रहे। जिसे वन विभाग छिपादोहर पुलिस के सहयोग से गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान जारी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
09

# नाबालिग लड़की ने अपने घर की छत से लगायी छलांग, स्थिति गंभीर

**गुमला शहर के टावर चौक का मामला**

**घायल लड़की को सदर अस्पताल से किया गया रिम्स रेफर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर की हृदय स्थली टॉवर चौक थाना रोड के एक बिल्डिंग से 14 वर्षीय लड़की ने अपने घर की छत से बीच सड़क पर छलांग लगा दी। जिससे युवती को गंभीर चोट आयी है। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने युवती को फौरन रिक्सा में उठा कर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। परिजन युवती को रांची ले गए।

बताया जा रहा है कि लड़की के सिर, मुंह, पैर समेत शरीर में गंभीर चोट पहुंची है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। फिलहाल घटना के कारणों का कोई खुलासा नहीं हुआ है। वहीं घटना को लेकर पुलिस को भी कोई सूचना नहीं मिल सकी है। ऐसे मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह करीब 9:55 बजे की है। थाना रोड में लोगों की आवाजाही लगी हुई थी। तभी एक मकान की छत के ऊपर से बीच सड़क पर युवती नीचे छलांग लगा देती है। युवती के छलांग लगाते ही मौके पर अफरा तफरी मच जाती है। इसके बाद लोग भागकर युवती के करीब पहुंचते हैं। फिर देखते हैं कि वह खून से लथपथ है। तब तक उसके परिजन भी घर से बाहर निकलते हैं। इसके बाद राहगीरों की मदद से परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचते हैं। जहां से उसे रिम्स ले जाया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवती के अचानक इस तरह छलांग लगाए जाने के पीछे का कोई कारण पता नहीं चल सका है। और न ही परिजन कुछ बताने को तैयार थे। ऐसे युवती को छलांग लगाने से पहले छत के ऊपर फोन में बात करते हुए देखा गया था।

इधर परिजनों ने सदर अस्पताल में मीडिया कर्मियों के सवाल पर कहा कि युवती छत में फोन पर बात करने के दौरान फिसल कर नीचे गिर गई। मगर परिजनों का यह बात किसी को हजम नहीं हो रही है। चूंकि जिस स्थान से युवती छलांग लगाई है उस जगह पर चार से पांच फीट ऊंची दीवार है। लोग परिजनों की बातों पर कई तरह के सवाल उठा रहे हैं। मगर अब पूरे मामले में पुलिसिया छानबीन के बाद ही सवालों के जवाब मिल पाएंगे।

# मिशन बदलाव के प्रयास से खराब पड़े चापानलों की मररमत का कार्य शुरू



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 की महिलाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर दुबाट टोला पर पेयजल के लिये पानी टंकी लगवाने की मांग की है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दुबाट टोला पर पेयजल की समस्या होने से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुये सिटी मैनेजर द्वारा यहां टंकी लगवाने का आश्वासन दिया दिया गया था। लेकिन अब कहा जा रहा है कि वहां विद्युत पोल होने के कारण वाटर टंकी नहीं बन सकता है। विद्युत पोल हटाने के बाद ही टंकी बनाया जा सकता है। विद्युत विभाग के एक मिस्त्री द्वारा पोल हटाने के लिये पैसे की मांग की जा रही है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व मुखिया संध्या देवी, श्री राम, आरती देवी, तमन्ना खातून, राधा देवी, सजंती देवी, जाहदा बीबी, नौशाबा खातून, लैलुन बीबी, माया देवी, गोखुला देवी, फरजाना परवीन, शमीमा खातून सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

# नगर पंचायत वार्ड 12 की महिलाओं ने एसडीओ को आवेदन सौंप कर की पेयजल टंकी लगाने की मांग

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 की महिलाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर दुबाट टोला पर पेयजल के लिये पानी टंकी लगवाने की मांग की है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दुबाट टोला पर पेयजल की समस्या होने से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुये सिटी मैनेजर द्वारा यहां टंकी लगवाने का आश्वासन दिया दिया गया था। लेकिन अब कहा जा रहा है कि वहां विद्युत पोल होने के कारण वाटर टंकी नहीं बन सकता है। विद्युत पोल हटाने के बाद ही टंकी बनाया जा सकता है। विद्युत विभाग के एक मिस्त्री द्वारा पोल हटाने के लिये पैसे की मांग की जा रही है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व मुखिया संध्या देवी, श्री राम, आरती देवी, तमन्ना खातून, राधा देवी, सजंती देवी, जाहदा बीबी, नौशाबा खातून, लैलुन बीबी, माया देवी, गोखुला देवी, फरजाना परवीन, शमीमा खातून सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## बैठक : नगर परिषद बोर्ड की बैठक में परिसंपत्तियों की खरीदारी पर बनी सहमति

# मोक्ष वाहन, एंबुलेंस तथा टो-अवे वाहन खरीदने का निर्णय

**बस स्टैंड परिसर को सोलर ऊर्जा से जगमग करने तथा पटेल चौक के सुंदरीकरण का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद की आम बोर्ड की बैठक गुरुवार को नगर परिषद सभागार में हुई। अध्यक्ष दीपनारायण उरांव की अध्यक्षता में संपन्न इस बोर्ड बैठक में कई निर्णय लिए गए। जहां एक ओर सभी कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा संशोधित अद्यतन न्यूनतम पारिश्रमिक देने का निर्णय हुआ वहीं कई परिसंपत्तियों के खरीदने का भी निर्णय आम सहमति से लिया गया।

निर्णय लिया गया कि नगर परिषद के द्वारा मोक्ष वाहन (शव वाहन), एंबुलेंस तथा टो-अवे वाहन खरीदें जायेंगे। बस स्टैंड परिसर को जगमग करने के लिए 20 केवीए या जरूरत अनुसार इससे अधिक क्षमता के सोलर संयंत्र का अधिष्ठापन किया जाएगा। जो कि न केवल बस स्टैंड परिसर बल्कि पटेल चौक तक के इलाके को प्रकाशित रखेगा। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा किए गए अनुरोध पर विचार करते हुए नागफेनी इंटकवेल के लिए मोटर खरीदने पर सहमति दी गई, वहीं खटवां नदी पर पूर्व से निर्मित जलापूर्ति संयंत्र को संचालनात्मक करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया।

सेवानिवृत्त बिजली निरीक्षक एतो गोप के अभ्यावेदन पर विचार करते हुए उन्हें अस्थाई रूप से सेवा में रखने का निर्णय लिया गया। लकवा ग्रस्त स्वच्छताकर्मी के आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनकी पत्नी को काम पर रखने का निर्णय लिया गया। बोर्ड में पुनः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर परिषद की परिसंपत्तियों के बंदोबस्त धारक आबंटी संबंधित संपत्तियों को सिर्फ स्वयं के उपयोग में ला सकते हैं, वे किसी दूसरे व्यक्ति को किराए पर नहीं दे सकते हैं। उल्लंघन करने वाले लोगों का आबंटन बिना कोई सुनवाई का मौका दिये बंदोबस्ती रद्द करने के साथ-साथ उन पर धोखाधड़ी का आपराधिक मामला दर्ज करवाया जाएगा। इसके अलावा शहर के विकास को लेकर कई अन्य छोटे-बड़े निर्णय लिये गये।

इस दौरान अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ने कहा कि संभवतः यह उनके इस कार्यकाल की आखिरी बोर्ड बैठक है। उन्होंने पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान की कई स्मृतियों को साझा किया। वार्ड पार्षदों ने भी अपने-अपने अनुभवों को साझा किया।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों को माला पहना कर तथा पौधा देकर सम्मानित किया। अंत में ग्रुप फोटो सेशन का कार्यक्रम रखा गया।

# ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने की मनरेगा योजनाओं की जांच

**चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बैठक कर की मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर चैनपुर प्रखंड में मनरेगा योजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं का विशेष टीम तैयार कर गुरुवार को समीक्षा की गयी।

इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अनुज कुमार, राज्य समन्वयक रौशन पाट पिगुवा के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में परिचय प्राप्त कर पंचायत वार योजनाओं की समीक्षा की। वहीं बैठक में योजनाओं को धरातल में कार्य प्रगति लाने हेतु दिशा निर्देश दिए।

इसके बाद प्रखंड के बरवे नगर एवं छिछवानी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरवे नगर में प्रेजेंसिया टीसीबी वोर्ड नहीं लगा हुआ था जहां बोर्ड लगाते हुए जल्द से जल्द योजना पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वहीं अमीना बीबी के एक एकड़ में लगी आम बागवानी का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। छिछवानी पंचायत की शांति एकता के एक एकड़ में लगी आम बागवानी का निरीक्षण किया और कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। आन्सेल्म एक्का के कुवां की जांच करते हुए आकार की माप ली गई। इसके सहित विभिन्न योजनाओं की जांच की गई और कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर ने मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया।

# रस्सी से युवक का गला घोट कर हत्या, एक सप्ताह बाद होनी थी युवक की शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के पलमा ग्राम निवासी लगभग 30 वर्षीय रवि कुमार गोप की हत्या बीते बुधवार की रात्रि अज्ञात लोगों के द्वारा कर दिया गया है। गले में रस्सी बांधकर व लात घुसा से मारकर हत्या की गई है। हत्या के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मृतक के भाई अरविंद गोप ने बताया कि बीते बुधवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे रवि घर पर सबके साथ में खाना खाया जिसके बाद घर से बाहर निकला देर तक घर नहीं लौटने पर लगभग 9 बजे मृतक का छोटा भाई अरविंद फोन किया कर घर आने की बात कही। जिस पर रवि ने कहा शादी घर के साइड आये है थोड़ी देर में घर आ जाएंगे। जिसके बाद घर वाले सो गये सब को लगा कि रवि समय से घर आ जाएगा परंतु रवि घर नहीं पहुंचा। गुरुवार की सुबह घर से लगभग 300 मीटर दूर पुआल गांज के समीप रवि का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद इसकी सूचना घरवालों को दी। जिसके बाद घाघरा थाना को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार, सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और छानबीन में जुट गए है हर पहलू पर जांच किया जा रहा है।

मृतक रवि कुमार गोप का कल लगन पान का रस्म था। जिसके बाद 8 मई को शादी थी। घर में रिश्तेदार पहुंचे चुके थे लगन पान रस्म के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। टेंट का सारा सामान घर पर आ गया था मिठाई बनाने के लिए सभी तैयारी हो चुकी थी, कारीगर घर पर आ चुके थे। सुबह-सुबह टेंट वाला भी अपना टेंट लेकर आया तो देखा घर के बाहर भारी भीड़ लगी हुई है, दर्जनों गाड़ियां घर के बाहर खड़ी है पुलिस भी पूरी मुस्तैदी से घूम रही है, तब उसे पता चला कि रवि की हत्या हो गई।

मौके पर जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी व सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी घटनास्थल पहुंच परिजनों से मिले कहा कि हर हाल में अपराधियों की गिरफ्तारी हो और कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसके लिए पुलिस तत्परता से कार्रवाई करे।

## कार्यक्रम : गुमला जिला में मानव तस्करी जैसी घटना की रोकथाम के लिए अहतू क्लब के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

# मानव तस्करी से बचाव के लिए स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**गुमला पुलिस एवं बचपन बचाओ टीम दिल्ली ने पुलिस लाइन गुमला में किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार गुमला जिला में मानव तस्करी जैसी घटना की रोकथाम हेतु एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट क्लब (अहतू कल्ब) के सदस्यों को जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुमला पुलिस एवं बचपन बचाओ टीम दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान से पुलिस लाइन गुमला में किया गया।

इस कार्यक्रम में गुमला जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे एनजीओ, स्कूली छात्रा एवं शिक्षिका लोगों को सम्मिलित किया गया। एनजीओ के रूप में सृजन फाउंडेशन से धानमत देवी, चाइल्ड लाइन से बेला टोप्पो, जनसंघर्ष से सुनीता कुमारी, सितारा एनजीओ से दीपक मांझी व अन्य समूह के द्वारा गांव में मानव तस्करी की रोकथाम हेतु अपने अपने सुझाव व एक्सपीरियंस शेयर किए।

जैसा कि वर्तमान महीना एवं आने वाले महीनों में गर्मी की छुट्टियां, 8वीं क्लास, 9वीं क्लास, 10वीं क्लास एवं 12वीं क्लास की बोर्ड एग्जाम होने वाले हैं। इस दौरान बच्चियों का संपर्क स्कूल से कुछ महीना के लिए छूट जाता है। जहां इन सब चीजों का फायदा मानव तस्कर उठाने का प्रयास करते हैं। मानव तस्करी जैसी घटना की रोकथाम हेतु गुमला पुलिस, एनजीओ एवं अन्य समूहों के द्वारा लोगों के बीच जाकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि लोग जागरूक भी हो रहे हैं। तस्करी करने वालों लोग अपना रास्ता बदल रहे हैं तथा अलग-अलग हथकंडे का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन्हीं सब चीजों के बारे में स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया।

इसके अलावा महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी के द्वारा महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित महिला उत्पीड़न, बाल विवाह एवं छेड़खानी जैसे मुद्दों से निपटने एवं बचने से संबंधित चीजों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं एससी-एसटी थाना प्रभारी रवि होनागा के द्वारा गांव में बढ़ते नशा पान, डायन बिसाही एवं एससी एसटी एक्ट के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कैरियर काउंसलिंग जैसे विषयों के साथ बच्चियों का कनेक्शन शिक्षा से जुड़ा रहे इसको लेकर कैरियर काउंसलिंग की गई, जहां पढ़ने के बाद आप किन-किन क्षेत्रों में जा सकते हैं। इन सब चीजों के बारे में बता कर लोगों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का काम किया गया।

# झामुमो नेताओं ने दो दिव्यांगों को दिलायी ट्राई साइकिल




**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत निवासी रामनाथ भुइयां और मानपुर पंचायत निवासी सहरूण खातून जो पूर्ण रूप से दिव्यांग हैं, उन्हें जानकारी मिलते ही रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी ने संज्ञान लेते हुए सारी प्रक्रिया पूर्ण कर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर रंका प्रखंड कार्यालय पर ट्राई साइकिल प्रदान किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# संत जोसेफ विद्यालय, कोनबीर में संत मोनफोर्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया




**बसिया (आजाद सिपाही)।** संत जोसेफ विद्यालय कोनबीर नवाटोली में संत मोनफोर्ट दिवस 2023 धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम मोनफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संत जोसेफ इंटर स्कूल एवं संत जोसेफ हाई और मिडिल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसकी शुरुआत संत मोनफोर्ट की मूर्ति पर सभी ब्रदर एवं शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गयी। ब्रदर सुशील द्वारा स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संदेश दिया गया। ब्रदर फुलजेन्स बाड़ा द्वारा संत मोनफोर्ट के जीवन पर बायोग्राफी बताया गया। कार्यक्रम में संत जोसेफ इंटर कॉलेज, संत जोसेफ हाई एवं मिडिल स्कूल, मोनफोर्ट सेकेंडरी मोंटेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग डांस और सांग प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। संत जोसेफ इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ट्रेडिशनल डांस, छोटी बच्चियों द्वारा प्रस्तुत तितली गिराई गाने पर प्रस्तुत डांस, बलम धीरे चलो रे गाने पर डांस ने लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन मोनफोर्ट स्कूल के प्रिंसीपल अल्बिनुस तिग्गा द्वारा दिया गया। मंच संचालन अर्पण कुजूर, महिमा खाखा, राज महापात्रा और संध्या कुजूर द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्रदर अल्बिनुस तिग्गा, ब्रदर जेवियर टेटे, ब्रदर सुशील टोप्पो, ब्रदर अमर कंडुलना, प्रकाश पूर्ति, ब्रदर एडमन, ब्रदर जैकब समेत शिक्षक-शिक्षिका एवं स्टूडेंट उपस्थित थे।

# बिशुनपुर प्रखंड पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक में प्रखंड कमेटी का गठन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक गुरुवार को पांचो पांडव स्थित परिसर में हुई, जहां पिछड़ा वर्ग को सात जिले में रोस्टर में जीरो कर देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसके उपरांत समाज को संगठित करने के लिए प्रखंड कमेटी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बृजमोहन यादव , महासचिव रिंकी जयसवाल, सचिव सोहेल अली को मनोनीत किया गया। जबकि उपाध्यक्ष तुलसी साहू, मोहम्मद छोटू मियां, मनोज साहू, उपसचिव हजारी साहू, कामेश्वर साहू, वीरेंद्र ठाकुर, तालकेश्वर साहू, संयोजक दशरथ साहू, किशुन साहू, केश्वर साहू, राहुल गुप्ता, इमरान अली, ललकु महतो, हरदयाल साहू, शिवा साहू, कृष्णा यादव, नंद लाल यादव, कलेश्वर साहू, मंटू गुप्ता, विवेक कुमार, वहीं संरक्षक राम प्रसाद साहू, राकेश साहू, राधे साहू, दिलीप साहू, राजकुमार साहू, देव लाल महतो, जगत ठाकुर, केदार साहू, बच्चन चौरसिया, पप्पू यादव, देवान्द साहू, दीपक साहू, हरिचरण साहू, को बनाया गया।

# बीडीओ ने की समन्वय समिति की बैठक में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड ब्लॉक कार्यालय सभागार में आयुष्मान भारत के तहत संचालित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत बीडीओ की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गई। इस बैठक में बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें विद्यालय जाने वाले छात्रों को किशोरावस्था शिक्षा, जीवन कौशल एवं उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी मूलभूत समझ विकसित करने का लक्ष्य है, ताकि छात्र छात्राएं अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक रूप से सामना करने में सक्षम हो सकें और सकारात्मक व्यवहार प्रदर्शित करें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु विभिन्न विभागों का समन्वय आवश्यक होगा। विशेषकर शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त समन्वय से ही यह कार्यक्रम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पायेगा। बैठक में बीडीओ की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग (सी3) के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अल्बर्ट एक्का चौक में आयुष कैंप आयोजित




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित अल्बर्ट एक्का चौक में आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष हेल्थ एंड चलने सेंटर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग गुमला के सौजन्य से आयुष कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि चैनपुर अनुमंडल काफी पिछड़ा क्षेत्र में गिना जाता है। यहां के नागरिक अपने उचित इलाज के लिए बाहर नहीं जा सकते हैं और अपना गंभीर इलाज नहीं करा पा रहे। आयुष्मान हेल्थ की ओर से यह बहुत अच्छी पहल है। इसमें आप सभी अधिक से अधिक इसका लाभ उठाएं। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन की ओर से की गई यह पहल को काफी सराहा गया और प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर उपस्थित आयुष्मान हेल्थ के डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को चैनपुर में आयुष्मान हेल्थ कैंप लगाया जाएगा जहां वृद्ध व्यक्तियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा और दवा का वितरण भी किया जाएगा। गुरुवार को चैनपुर प्रखंड में लगे आयुष कैंप से 316 लोगों ने इलाज कराकर दवा ली है। आयुष्मान कैंप के लगने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खासा फायदा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोग आकर यहां मुफ्त में अपना इलाज करा सकेंगे।

## नाराज परिजनों ने किया सड़क जाम, पांकी विधायक और पुलिस ने समझा-बुझा कर शांत

# भाजपा नेता की हत्या, पेड़ से लटकता मिला शव

**घटना के बाद इलाके में तनाव, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मनातू मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार की सुबह उनका शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। बताया कि प्रमोद सिंह बुधवार की शाम पांच बजे घर से निकले थे। पर देर रात तक घर नहीं लौटे। प्रमोद की बाइक गांव में सड़क किनारे पड़ी मिली। वहीं शव सुनसान इलाके से बरामद किया गया। उधर, परिजनों ने प्रमोद की हत्या का आरोप लगाते हुए इंसाफ की मांग करते हुए सेमरी- मनातू मुख्य पथ को जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी, मनातू के थाना प्रभारी कमलेश कुमार दल बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।



भाजपा नेता की हत्या के बाद मौके पर मौजूद पांकी विधायक व अन्य।

### दोषियों की हो जल्द गिरफ्तारी : विधायक

पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रमोद सिंह की हत्या हुई है। इससे पार्टी की अपुरणीय क्षति हुई है। वह मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। वे परिवार के सदस्यों को अपने और पार्टी के स्तर से भी सहयोग दिलाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। पुलिस प्रशासन से आग्रह हैं कि जल्द मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कर्रवाई की जाए। प्रशासन को यह भी ध्यान में रखना होगा कि दोषी बचे नहीं और निर्दोष फंसे नहीं।

# हरिहरगंज में पत्थर से कुचल कर किसान की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज पत्थरा ओपी क्षेत्र के एकौनी गांव के समीप 60 वर्षीय एक बुजुर्ग किसान की पत्थर से कुचल कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान रामस्वरूप यादव के रूप में हुई है। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। जो गांव से मात्र 100 मीटर की दूरी पर घटी। इससे क्षेत्र में भय का माहौल है। वहीं, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनकी चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना गुरुवार अहले सुबह हरिहरगंज थाने को दी। कुछ देर बाद ही थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआई निर्भय कुमार, निरंजन कुमार और पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही जांच शुरू कर दी है। उधर, मृतक की बहू अंजू देवी ने बताया कि बुधवार की शाम 6.30 बजे गाय भैंस को खूंटे में बांधकर रामस्वरुप घर से दक्षिण के ओर निकले थे। तब से उनकी कोई खोज खबर नहीं थी। खाना खाने के समय आसपास के लोगों से पूछा तो भी पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह शौच के लिए गयी गांव की महिलाओं ने बताया कि रामस्वरूप यादव खून से लथपथ हालत में सड़क के बिचो बीच पड़े हैं। जिसकी जानकारी गांव वालों को दी। वहीं, मृतक की पत्नी सोनकलिया देवी अपने रिश्तेदार के घर गयी थी। जबकि मृतक का एक लौता पुत्र शिवनंदन यादव पेशे से वाहन चालक है। वह भी घर पर नहीं था। उधर, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि सिर पर पत्थर से प्रहार कर हत्या की गयी है। हत्या में प्रयोग पत्थर भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। वहीं, सूचना पाकर सरसोत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, कमलेश यादव, जितेंद्र सिंह आदि भी पहुंचे और इंसाफ की मांग की।

# उंटारी रोड स्टेशन में ट्रेन वैक्यूम कर रोकनेवाले दो यात्री गिरफ्तार

**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** जपला स्थित रेलवे सुरक्षा बल ने उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से पलामू एक्सप्रेस (03347) को वैक्यूम कर रोकनेवाले दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान उंटारी थाना के जमडीहा गांव निवासी विकेश ठाकुर और महेंद्र मेहता के रूप में हुई है। जपला आरपीएफ के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि कुछ मनचले अनावश्यक गाड़ी को रोककर परिचालन बाधित करते हैं। बताया कि बुधवार को पलामू एक्सप्रेस (03347) जैसे ही उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से अपने निश्चित ठहराव के बाद खुली, दो मनचलों ने उक्त गाड़ी को स्टेशन के कुछ ही दूरी पर एसीपी करके दोबारा रोक दिया। इसके बाद दोनों को मौके से ही गिरफ्तार कर जपला आरपीएफ थाना लाया। थाना में बिना किसी उचित कारण के वैक्यूम मारकर ट्रेन को रोकने के आरोप में रेल अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। गश्ती दल में सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार के अलावा हेड कांस्टेबल सुभाषचंद्र और सिपाही विकास कुमार शामिल थे।

# सदर, सतबरवा, नौडीहा बाजार और हुसैनाबाद में चार अमृत सरोवर योजनाओं की मिली स्वीकृति

## सभी पंचायत भवनों में पंचायत समृद्धि केंद्र की होगी स्थापना

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू जिला परिषद बोर्ड की बैठक समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व डीडीसी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य व प्रमुख आदि शामिल थे। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा की गई। इसके बाद विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में खरीफ मौसम में बीज का वितरण उचित मात्रा में एवं ससमय कराने पर बल दिया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 90 योजनाओं पर किए गए भुगतान की संपुष्टि प्रदान की गयी। जिला परिषद के आय स्त्रोत के सृजन में वृद्धि हो, इसके मद्देनजर विभिन्न प्रखंडों में लगभग 500 दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदर मेदिनीनगर, सतबरवा, नौडीहा बाजार एवं हुसैनाबाद में कुल 4 अमृत सरोवर योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। पेयजल की समस्या को देखते हुए सभी त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा अपने-अपने स्तर से नये पेयजल के स्त्रोत सृजन कर सकेंगे। साथ ही पुराने पेयजल के स्त्रोतों की मरम्मती कराने का भी निर्णय लिया गया। जिले के सभी पंचायत भवनों में जिला परिषद स्तर से पंचायत समृद्धि केंद्र की स्थापना करने का भी निर्णय लिया गया जिसमें पंचायत के सभी इकाइयां के लिए स्वास्थ, शिक्षा एवं मनोरंजन आदि संबंधी सामग्री का अधिष्ठापन भी कराया जायेगा। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग ,शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।

# स्व राजा राम मिश्र मार्ग का नामकरण किये जाने पर धीरज मिश्रा ने महापौर का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेड़मा से पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध संगीतज्ञ स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आवास तक जाने वाले मार्ग को स्वर्गीय राजा राम मिश्र के नाम से नामकरण किए जाने पर उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा व परिवार के सभी सदस्यों ने नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। धीरज मिश्रा ने बताया कि पिता स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आकस्मिक निधन से पलामू प्रमंडल में शास्त्रीय संगीत के साथ ही पूरे संगीत जगत को अपूर्णिय क्षति हुई है जिसकी भरपाई मुश्किल है। डालटनगंज के बालक बुनियादी विद्यालय से प्रधानाचार्य के रूप में सेवानिवृत स्वर्गीय राजा राम मिश्र का संगीत जगत से काफी लगाव था। उन्होंने शहर में बतौर संगीत शिक्षक पलामू प्रमंडल में सैकड़ों लोगों को शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत की शिक्षा देकर एक नई पहचान दिलाई। ये मिलनसार, हंसमुख स्वभाव, व्यवहार कुशल के धनी इंसान थे। स्वर्गीय मिश्र के आकस्मिक निधन पर पलामू प्रमंडल में शोक की लहर एवं माहौल गमगीन हो गया था। इनके नाम से मार्ग का नामकरण कर महापौर ने सच्ची श्रद्धांजलि दी है। ऐसा कर उनके नाम को अमर करने एवं शिक्षा एवं संगीत जगत को गौरवावित किया है। इसके लिए महापौर अरुणा शंकर धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं, महापौर को धन्यवाद देने वालों में स्वर्गीय मिश्र के परिवार से देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज मिश्र, ग्रामीण बैंक के अधिकारी पंकज मिश्र, संगीत शिक्षक सूरज मिश्र, प्रभात दूबे, सागर पाठक, सीमा मिश्रा, गीना मिश्रा, पूजा मिश्रा, इंदू मिश्रा, प्रियमवदा मिश्रा, पलक, आव्या, अनुष्का एवं अन्य सदस्य शामिल थे।

## बारात से लौट रहे एक व्यक्ति से बाइक, नगद, मोबाइल फोन की लूट, थाने में मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला पथरा मुख्य पथ के लंगरकोट बंशी बीघा मोड़ के समीप दो अज्ञात अपराधियों द्वारा बारात से लौट रहे एक व्यक्ति से लूटपाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत हुसैनाबाद थाना के जमुआ गांव निवासी भुक्तभोगी विगन राम ने थाने को लिखित आवेदन दिया है। बताया कि बाइक सवार दो अपराधियों ने लंगरकोट और बंशी बिगहा मोड़ के बीच ओवरटेक कर उन्हें रोक दिया। इसके बाद उनकी बाइक, दो स्मार्ट फोन व नगद पांच हजार रुपये लूट लिये। बिगन राम ने बताया कि वो और उनका भांजा श्रवण राम एक बारात से लौट रहे थे। गुरुवार तड़के तीन बजे लंगरकोट और बंशी बिगहा मोड़ के बीच पिस्तौल का भय दिखा कर लूटपाट की गई। वहीं, भुक्तभोगी के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एसआई सौरभ कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## भाजपा नेता ने किया महुदंड गांव का भ्रमण, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह गुरुवार को हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड गांव के भ्रमण पर पहुंचे। वहां ग्रामीणों के दुख सुख और समस्याओं को जाना। उन्हें ग्रामीणों ने गांव की दर्जनों जन समस्याओं से रूबरू कराया। इस पर वरीय पदाधिकारी से बात कर कुछ जन समस्याओं का उन्होंने त्वरित निष्पादन भी कराया। जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों से कुछ समय मांगा। कहा कि महुदंड क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्याओं के निष्पादन का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर संतोष यादव, अर्जुन यादव, धनंजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रवेश राम, निखिल साव, हीरा राम, उदेश कुमार आदि मौजूद थे।

# शहर में बिना नक्शा स्वीकृति के आवास निर्माण माने जायेंगे अवैध : राकेश सिंह

**हुसैनाबाद नपं ने बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण पर लगाया रोक**

आजाद सिपाही संवाददाता



निर्माण रोकने का निर्देश देते अधिकारी।

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में भवन निर्माण का कार्य नक्शा स्वीकृत होने के बाद ही शुरु होगा। इसको सख़्ती से अनुपालन कराने को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी मो परवेज के निर्देश पर बीपीएमएस के नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहर के कई वार्डों में हो रहे भवन निर्माण कार्य की स्थिति का गुरुवार को जायजा लिया। इस दौरान बिना नक्शा स्वीकृति के हो रहे भवन निर्माण कार्य को तत्काल रोकने का निर्देश दिया। लोगों को नक्शा स्वीकृति को लेकर कई जानकारी दी गयी। नोडल पदाधिकारी ने लोगों से इस मामले पर विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्माण कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के अधीन कोई भी नवनिर्मित मकान, दुकान या प्रतिष्ठान बिना नक्शा पास कराए पाए जाते हैं तो वह अवैध होंगे। इस नियम के अनुपालन से सभी लोगों को सहूलियत भी होगी।

## सीमेंट ट्रक लूट कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने ट्रक लूट कांड में एक साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने बताया कि बीते वर्ष पांकी-बालूमाथ पथ के कारीमाटी जंगल से गुजरने के दौरान सीमेंट लदे ट्रक की चोरी हुई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी द्वारा इसमें शामिल गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला निवासी छोटू कुमार उर्फ रविंद्र कुमार, फरार था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## बीस सूत्री की दूसरी बैठक में छाया रहा पीडीएस के घालमेल का मामला



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड 20 सूत्री की दूसरी बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता गोपाल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में उपस्थित विभागों की समीक्षा की गई। इस दौरान जन वितरण प्रणाली के कार्य पर सवाल उठाते हुए बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर प्रखंड में जिस महीने में जिला से आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है उस महीने में भी लाभुकों को पीएमजीवाइ के अनाज का वितरण दिखाया गया है, जबकि जिस माह का अनाज मिला है उसके बावजूद लैप्स दिखाया गया है जो एक गंभीर मामला है। इसके जवाब में एमओ ने कहा कि यह सारा घालमेल सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस पर चंदन प्रकाश सिन्हा ने आपत्ति जताई एवं इसकी सूचना सरकार को देने की बात कही। पशुपालन विभाग के कार्यों पर असंतुष्टि जताते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभार्थियों के चयन में अनियमितता बताई गई। साथ ही नगर पंचायत से एक भी लाभुक का चयन नहीं किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं, पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रखंड में पशुओं के गर्भाधान के लिए 8 लोगों को नियुक्त किया गया है। जिसमें सिर्फ तीन ही लोग काम कर रहे हैं। इस पर उन्हें निर्देश दिया गया कि शेष पांच लोगों को सरकार से प्राप्त संसाधन को वापस लिया जाए एवं किसानों से क्रॉस वेरिफिकेशन द्वारा यह पता किया जाए की पशुओं को सरकार के निर्देशानुसार गर्भाधान कराया जा रहा है या नहीं। किसी भी हालत में अवैध वसूली को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहराही के जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का भी मामला उठाया गया। इस पर बीडीओ ने अविलंब विद्यालय की जमीन की मापी कराकर सीमांकन कराने का आदेश दिया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मनरेगा योजना में हर एक पंचायत से पांच योजनाओं को तत्काल जारी करने का निर्देश सरकार से प्राप्त है जिससे संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर बीस सूत्री के उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक माह में मनरेगा योजना अंतर्गत कितने श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग की गई और कितने श्रमिकों को कार्य या बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराया गया से संबंधित रिपोर्ट सूत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं। छतरपुर अंचल के जमीन संबंधित कागजात किसी दलाल के घर पर उपलब्ध होना विभाग एवं कागजातों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। जिस पर सीओ द्वारा सरकारी भवन में सभी कागजातों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, प्रमुख उर्मिला कुमारी, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, बीस सूत्री सदस्य फिरदोस आलम, मो मुस्ताक आलम, अनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, शंभू यादव आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



लंदन की एक अखबार में छपी खबर की मानें तो आइपीएल की कुछ फ्रेंचाइजी ने इंग्लैंड के टॉप छह खिलाड़ियों को अपने देश को छोड़कर सालभर दुनिया की टॉप लीग में अपनी टीम की तरफ से खेलने का ऑफर दिया है। इसके लिए 20 से 50 करोड़ तक की पेशकश की गई है।

## आइपीएल की टीमों ने 6 इंग्लिश खिलाड़ियों को दिया ऑफर

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ कर लीग खेलने के लिए 50 करोड़ रुपये तक की पेशकश

एजेंसी

**लंदन।** आइपीएल की कुछ फ्रेंचाइजी ने इंग्लैंड के टॉप-6 प्लेयर्स को अपनी कंट्री को छोड़कर साल भर दुनिया की टॉप लीग में अपनी टीम की तरफ से खेलने का ऑफर दिया है। लंदन के अखबार द टाइम ने एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फ्रेंचाइजीज ने इसके लिए खिलाड़ियों से साल भर के लिए करार करने की कोशिश की है। हालांकि अखबार ने यह नहीं बताया है कि वह आइपीएल की कौन सी टीमें हैं और किन-6 इंग्लिश खिलाड़ियों से कॉन्टैक्ट किया गया है।

### 20 से 50 करोड़ रुपये तक का है सालाना का ऑफर



रिपोर्ट में कहा गया है कि खिलाड़ियों को आइपीएल के अलावा यूएई की ग्लोबल टी-20, अमेरिका में होने वाली टी-20 लीग और वेस्टइंडीज की सीपीएल लीग में खेलने की पेशकश की गई है। उन्हें कंट्री से खेलने के बजाय दुनिया भर की लीग में शामिल फ्रेंचाइजी की टीम से खेलने के लिए 20 करोड़ से 50 करोड़ के बीच सालाना ऑफर दिया गया है। यह इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध में शीर्ष खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि से लगभग पांच गुना तक ज्यादा है। इंग्लैंड से पहले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से भी आइपीएल की इन फ्रेंचाइजी ने संपर्क किया था। दूसरी ओर, रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर कोई खिलाड़ी किसी आइपीएल फ्रेंचाइजी से करार करता है तो उसे पहले फ्रेंचाइजी के लिए विभिन्न लीग में खेलने को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही अपने देश से खेलने के लिए फ्रेंचाइजी से अनुमति लेनी होगी। बतातें चलें कि फिलहाल फुटबॉल में ऐसा होता है। क्रिकेट में अभी ऐसा नहीं है। खिलाड़ी अपनी विभिन्न लीग में खेलने के लिए अपने देश के बोर्ड से परमिशन लेते हैं। वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने खिलाड़ियों को आइपीएल के अलावा किसी अन्य लीग में खेलने पर बैन किया हुआ है।

## भोलानाथ सिंह बने महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में जूरी ऑफ अपील के चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एशिया हॉकी महासंघ के तत्वावधान में 2 से 11 जून तक जापान के ककमीगहरा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह को जूरी ऑफ अपील का चेयरमैन बनाया गया है। एशिया हॉकी महासंघ ने अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने पत्र भेज कर भोलानाथ सिंह को इसकी सूचना दी। भोलानाथ सिंह पिछले माह ही एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। साथ ही उन्हें एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशासक के लिए सम्मानित भी किया गया था। यह पहला अवसर है, जब किसी खेल प्रशासक को विदेश में आयोजित प्रतियोगिता में चेयरमैन जूरी ऑफ अपील नियुक्त किया गया है। झारखंडवासियों के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भोलानाथ सिंह को हॉकी इंडिया के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों सहित झारखंड के सीइओ रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, अशोक कुमार भगत, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार तूफानी, अरविंद सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय आदि ने बधाई दी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
11

## अवैध वाटर कनेक्शन के खिलाफ चला निगम का अभियान



धनबाद (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र में लगे अवैध पानी कनेक्शन के खिलाफ गुरुवार से नगर निगम ने अभियान शुरू किया है। अवैध कनेक्शन की जांच को लेकर प्रत्येक वार्ड में एक-एक टीम गठित की गई है। अभियान की शुरूआत बर टांड क्षेत्र से की गई। जांच में पाए गए अवैध कनेक्शन को काट दिया गया। निगम के पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध पानी कनेक्शन लेने वाले लोगों से कई बार वैध करा लेने की अपील की गई है, लेकिन इसके बाद भी लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस लिए अभियान चलाकर ऐसे सभी अवैध कनेक्शन हटाए जा रहे हैं। यह अभियान निरंतर चलेगा। जांच में अवैध कनेक्शन पाए जाने पर उन्हें वैध कराने के लिए जुर्माना के साथ कनेक्शन शुल्क भी वसूल किया जाएगा।

### धनबाद के सांसद और विधायक ने किया पुराना बाजार की जर्जर सड़क की मरम्मति कार्य का शिलान्यास

# झारखंड में जहां-जहां भाजपा जीती, वहां विकास कार्य नहीं करवाना चाहती सरकार : राज सिन्हा

## पुराना बाजार की 2.5 किलोमीटर सड़कें होंगी दुरूस्त : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के सबसे पुराने **पुराना बाजार** की जर्जर सड़कों के कायाकल्प को लेकर गुरुवार को नगर निगम की ओर से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह और विधायक राज सिन्हा ने फीता काटकर 2.5 किलोमीटर की सड़क के साथ नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने कहा कि 1995 के बाद आज शिलान्यास किया गया। यह बाजार धनबाद का सबसे पुराना बाजार है। जर्जर सड़क के कारण लोग यहां खरीदारी करने आने से कतराते थे। पुराना बाजार चेंबर के प्रयास से इस सड़क का शिलान्यास किया गया। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा जिस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक है उस क्षेत्र का विकास राज्य सरकार नहीं करती। लगातार सदन में इसको लेकर आवाज उठाने के बावजूद क्षेत्र की सड़कों पर राज्य सरकार ध्यान नहीं देती है। वहीं पुराना बाजार चेंबर के अध्यक्ष अजय नारायण लाल ने सड़क निर्माण की दिशा में व्यवसायियों के अथक प्रयास एवं प्रयत्न के बाद इस जर्जर सड़क के शिलान्यास के लिए निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर रामदेव अग्रवाल, संवेदक मोहन अग्रवाल, शइद आलम, नौशाद आलम, पुराना बाजार चेंबर के अध्यक्ष अजय नारायण लाल, श्रीकांत अग्रवाल, नौशाद आलम, विनय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजय सारगी, पवन सोनी, खुर्शीद आलम, विकास चतुर्वेदी, अमित ठाकुर, मौसम सिंह, नितिन भट्ट, निर्मल प्रधान, रिंकू सिंह, प्रितपाल सिंह अजमानी, उमेश सिंह और अरुण सिंह आदि उपस्थित थे।



सड़क मरम्मति निर्माण कार्य का शिलान्यास करते धनबाद के सांसद-विधायक।

## 25 सूत्री मांगों को लेकर धाकोकसं ने की महाप्रबंधक से वार्ता



कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के बीच बुधवार को 25 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता हुई। जिसमें मजदूर समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं, महाप्रबंधक ने मांगों का शीघ्र ही निष्पादन करने का आश्वासन दिया। वार्ता में महामंत्री रामधारी, अध्यक्ष उमेश सिंह, संगठन मंत्री मुरारी तांती, वेलफेयर बोर्ड के सदस्य गंगासागर राय, महेंद्र नाथ राम, क्षेत्रीय सचिव मंतोष तिवारी, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव सुशील कुमार सिंह, बालेश्वर दुबे, चंद्रशेखर महतो, तेज लाल प्रसाद, फूलचंद दसौंधी, कैलाश राम, दिलीप कुमार सिंह, शैलेश तिवारी, कुमार नंद गोपाल, परमात्मा सिंह, बलवंत साव, पवन कुमार लोद, आदित्य दसौंधी, श्याम कुमार यादव, आरके मंडल प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जीसी साहा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक अरुण केसरी शामिल थे।

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER -CUM- DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU
(District Development Section)
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

Notice

This is to inform that the Section-12 of Financial Bid of Tender No.-596/D, Dated-21-04-2023 (Advertisement PR No.- 295707 Dated-21-04-2023) is amended to the extent that evaluation of the bid will be done based on the lowest rate quoted for each item. Annexure-03 is thus withdrawn.

Deputy Development Commissioner,
Palamu

PR 296062 (District) 23-24 (D)

# बाघमारा में जमसं नेता के घर पर फायरिंग और पथराव



**अपराधी विचारधारा वाले लोग सिंह मेंशन का इतिहास जान ले, जवाब जरूर दिया जाएगा : सिद्धार्थ गौतम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा थाना क्षेत्र के माटीगढ़ा हटमेंट कॉलोनी स्थित जमसं (कुंती गुट) के केंद्रीय उपाध्यक्ष व बीसीसीएल केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य राम गोपाल मिश्रा के आवास पर बुधवार की देर रात अपराधियों ने हमला बोल दिया। घर को लक्ष्य कर पत्थरबाजी के साथ ही एक राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। पथराव में घर के बाहर खड़ी अत्याधुनिक तकनीकी से लैस बीसीसीएल के तीन नये एंबुलेंस का शीशा टूट गया है। इस दौरान सड़क से गुजर रहे एक प्रत्यक्षदर्शी को अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर वहां से भगा दिया। वहीं, पीड़ित राम गोपाल मिश्रा ने टेंडर के तहत तीनों एंबुलेंस कुछ ही दिन पहले शोरूम से मंगाया था। एक मई को मजदूर दिवस पर ब्लॉक टू जीएम द्वारा हरी झंडा दिखाकर सेवा को शुरू करना था। इससे पहले ही अपराधियों ने तीनों एंबुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं पथराव में घर का एसी, खिड़की और एस्बेस्टस सीट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। उधर, घटना से राम गोपाल मिश्रा के परिवार के साथ ही आसपास के लोग भी डरे हुए हैं। गुरुवार की सुबह घटना की लिखित सूचना मिलने के बाद बाघमारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और मामले की जांच शुरू कर दी है। बाघमारा थाना के सअनि मुंदीप सिंह ने कहा कि फायरिंग होने का साक्ष्य नहीं मिला है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### जमसं पीड़ित के साथ है

वहीं, खबर पाकर जमसं (कुंती गुट) के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम गुरुवार की सुबह राम गोपाल मिश्रा के आवास पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि गोपाल मिश्रा जी हमारे यूनियन के बहुत पुराने अधिकारी है। इनके हर सुख दुःख में जमसं का हर सदस्य इनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द घटना की जांच कर हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अपराधी विचार धारा के लोग सिंह मेंशन का इतिहास जान लें। हमलोग पत्थर का जबाव गोली और बम से देना जानते है। अगर गोपाल मिश्रा जी को कुछ भी हुआ तो हमलोग छोड़ने वाले नहीं है। वहीं, राम गोपाल मिश्र की मानें तो बुधवार रात 11 बजे अपराधियों ने घर पर पथराव किया। इससे तीन एंबुलेंस क्षतिग्रस्त के अलावा अन्य महंगे सामान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय युवाओं को रखना चाहता है बेरोजगार : ललन

**ट्रक लोडिंग की मांग को लेकर बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय पर आरसीएमएस का प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष गुरुवार को आरसीएमएस समर्थकों ने स्थानीय बेरोजगारों को ट्रक लोडिंग में कार्य देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अपने संबोधन में संगठन के महामंत्री ललन चौबे ने कहा कि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। एक तरफ प्रबंधन स्थानीय बेरोजगारों को कोयला चोर बताकर थाने में केस दर्ज करती है। वहीं, डीओ ट्रक लोडिंग का काम नहीं देकर उन्हें बेरोजगार भी बनाये रखना चाहती हैं। प्रबंधन ने स्थानीय बेरोजगारों की मांग पर दो बार डीओ आवंटन किया, लेकिन ट्रक लोडिंग की आड़ में रंगदारी और अवैध उगाही करने के लिए बाहरी लोगों को बुलाकर षड्यंत्र रचने लगी। उन्होंने प्रबंधन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि प्रबंधन तत्काल ट्रक लोडिंग शुरू करने के लिए डीओ आवंटन करें। अगर प्रबंधन अपने कुंभकर्णी नींद से नहीं जागती है तो बाध्य होकर क्षेत्र से कोयला ट्रांसपोटिंग को पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। वहीं, प्रदर्शन के चलते झरिया धनबाद मुख्य मार्ग सड़क पर आ जाने के कारण घंटों यातायात बाधित रहा। मौके पर मुख्तार खान, मुकेश राणा, आरएस तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, वालकेश्वर सिंह, मुकेश राणा, राजू झा, महेंद्र पासवान, रामबाबू पासवान, शिवबालक यादव, विष्णुपद लोहार, विनोद शर्मा, अशोक मोदक, संजय यादव और मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।



बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते आरसीएमएस मसर्थक।

# आरोपित को पकड़ने गयी निरसा पुलिस पर ग्रामीणों का हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** निरसा के गोपीनाथपुर पंचायत के मुगमा के शिवडंगाल बस्ती में बुधवार की रात पोस्को एक्ट के एक आरोपित समीर बाउरी उर्फ झंटु को पकड़ने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसमें बी उरांव नामक एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, पुलिस हमला करने वाले पांच ग्रामीणों को पकड़ कर निरसा थाना ले गई। इनमें एक नाबालिक भी शामिल है। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### समीर की जगह गोपी को ले जाने लगी पुलिस

बता दें कि निरसा थाने की पुलिस रात नौ बजे शिवडंगाल बस्ती पहुंची। उन्हें पोस्को एक्ट के आरोपित समीर बाउरी उर्फ झंटु को पकड़ना था, पर गलती से उसके पड़ोसी गोपी को पकड़ लिया। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले जा रही थी, तभी गोपी पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा। वह पास में रखे पत्थर को उठाकर एक पुलिस कर्मी बी उरांव को मार दिया। इससे वह जख्मी हो गए। इसके बाद मौका पाकर हमलावर गोपी फरार हो गया।

### दूसरे युवक ने भागने में की समीर की मदद

ठीक उसी समय दूसरे युवक को पुलिस ने पकड़ा और हमलावर गोपी के बारे में पूछताछ की। उसे पोस्को एक्ट के आरोपित समीर बाउरी के बारे बताने को कहा। पर वह पास में ही खड़े समीर को भागने के लिए जोर-शोर से चिल्लाने लगा। इससे समीर भाग निकला। तभी पुलिस समीर को भगाने के आरोप में उक्त युवक को पकड़ कर निरसा थाना ले जाने लगी। तबतक आस-पास की ग्रामीण महिलाएं व पुरुष ने समीर बाउरी को भगाने वाले युवक को निरसा थाना की पुलिस से हाथापाई कर जबरन छुड़ा लिया।

मामला ज्यादा बढ़ते देख निरसा पुलिस ने महिला पुलिस के अलावे और भी पुलिसकर्मियों को घटनास्थल पर बुला लिया। तब तक शिवडंगाल बस्ती के ग्रामीण अपने-अपने घरों में जा चुके थे। इधर, निरसा पुलिस ने हमलवारों की तलाश में महिला पुलिस कर्मियों के साथ शिवडंगाल बस्ती में छानबीन की। इस दौरान घर में सोए हुए पांच लोगों को घर से उठाकर निरसा थाना ले गई। दूसरी ओर, पकड़े गए सभी लोग खुद को बेकसूर बता रहे हैं। उनका कहना है कि रात में पुलिस वालों के साथ क्या हुआ यह उनकी जानकारी में नहीं है। उनका कहना है कि हमलोग तो घर में सो रहे थे। पुलिस पर हमला करने वाले लोग फरार है। वहीं, निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पूरे मामले की जांच की जा रही है। किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा। हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सरायढेला में बुजुर्ग महिला की चेन छिनताई

धनबाद (आजाद सिपाही)। सरायढेला थाना क्षेत्र में एक बार फिर से अपराधियों ने चेन छिनताई की घटना को अंजाम दिया। गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार अपराधियों ने सरायढेला थाना क्षेत्र के नूतनडीह कृष्णा नगर निवासी करुणा मजूमदार नामक महिला के गले से चेन छीन लिया और फरार हो गए। इसके बाद महिला अपने पुत्र श्यामल मजूमदार के साथ थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। भुक्तभोगी महिला ने कहा कि सुबह जब वह दूध लेकर घर लौट रही थी। तभी नुतनडीह कृष्णानगर मोड़ के समीप बाइक से आये दो युवकों ने हार छिन लिया और फरार हो गए।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

Re- e-Tender No. : 1431 Date 26-3-2023
अति अल्पकालीन पुर्न ई- निविदा (5th Call)

नेत्र इकाई, आर्थो इकाई, एवं अन्य ईकाई सदर अस्पताल, रॉंची के लिए Machine Upkararn & Others के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 9.5.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website http://jharkhandtenders. gov.in पर दिनांक 29.4.2023 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र website http://jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
PR292868 health med edu and family welfare (22-23)D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची

PR 296057 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ठेठईटांगर

प्रेस विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार रांची के पत्रांक 426 (D), दिनांक 28.02.2023 एवं संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी–20–47/2021–2070 (D), दिनांक 21.10.2021 तथा उपायुक्त सिमडेगा के पत्रांक 265 (ii)/गो0, दिनांक 19.04.2023 के निदेशानुसार ग्राम पंचायत में एवक औषधि विक्रय संस्थान की स्थापना किया जाना है। प्रखण्ड–ठेठईटांगर में 15 (पन्द्रह) ग्राम पंचायतों में एक–एक औषधि विक्रय संस्थान स्थापित किया जाना है।

उक्त के लिए इच्छुक व्यक्तियों का आवेदन पत्र, विहित प्रपत्र में आमंत्रित किया जाता है। विहित प्रपत्र कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाह्न् से 05:00 बजे अपराह्न् तक प्राप्त किया जा सकता है। अन्य शर्तें संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी–20–47/2021–2070 (D), दिनांक 21.10.2021 में निहित प्रावधान के अनुसार लागू होगा।
विज्ञापन प्रकाशन से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29.04.2023 होगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
ठेठईटांगर

PR 296038 District (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि जलाशय के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजरकार्प (रेहू, कतला, मृगल, कॉमन कार्प, सिलवर कार्प तथा ग्रास कार्प) का मत्स्य अण्डबीज (स्पॉन) की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के आलोक में इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 13.05.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। एवं उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, रामगढ के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

आपूर्ति की जानेवाली स्पॉन का विवरण

| | |
|---|---|
| मत्स्य अंडबीज (स्पॉन) | अधिकतम निर्धारित दर मो0 550.00 रूपये प्रति लाख मात्र। |

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ।

PR 296094 (Fish) 23-24 (D)

# झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) ने बोकारो में की पदाधिकारियों के साथ बैठक

# 15 मई तक कंपनियां पोर्टल पर करायें शत-प्रतिशत निबंधन : नलिन सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) अपने दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंची है। समिति के सभापति नलिन सोरेन और सदस्य सुदिव्य सोनू ने बोकारो परिसदन में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों/बीडीओ, सीओ आदि के साथ बैठक की। समिति के सभापति एवं सदस्य ने जिला नियोजन पदाधिकारी से झारखंड राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के तहत अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक झारखंड नियोजन पोर्टल पर 375 निजी कंपनियों ने निबंधन किया है। 40 कंपनियों का भौतिक सत्यापन जिला नियोजनालय द्वारा किया गया है। इस पर सभापति एवं सदस्य ने शेष सभी निजी कंपनियों/आउटसोर्सिंग कंपनियों को शत प्रतिशत पोर्टल पर निबंधन कराना सुनिश्चित करने को कहा है। समिति ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को उनके अधिनस्त आउटसोर्सिंग कंपनियों को भी पोर्टल पर निबंधन एवं कार्यरत कर्मियों का विवरणी/आवासीय प्रमाण पत्र के साथ अपडेट करने का निर्देश दिया। कहा कि इस एक्ट का अनुपालन हर हाल में तय समय में पूरा करना है। जिला स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करें। अगर निजी कंपनियां कोई लापरवाही/गलत जानकारी देती है तो, उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। उन पर जुर्माना लगायें। इसके अलावा विधानसभा की समिति ने पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू) एवं बड़े निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। उनके यहां कितनी आउट सोर्सिंग कंपनी है, कितने ऐसे कर्मचारी कार्यरत है, कितनों ने पोर्टल पर निबंधन करवाया है आदि की जानकारी ली। कहा कि सभी प्रिंसिपल नियोक्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कंपनियां अपना निबंधन झारखंड नियोजन पोर्टल पर हर हाल में 15 मई तक कर लें। साथ ही कर्मियों का विवरण पोर्टल पर इंट्री करें। इससे पूर्व शनिवार तक अपने यहां कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों की सूची जिला नियोजन कार्यालय को समर्पित करेंगे। बैठक क्रम में कुछ कंपनियों ने एक्ट के लेकर कार्यशाला करने की बात कहीं। जिसे सुनिश्चित करने के लिए मौके पर उपस्थित उप डीडीसी कीर्तीश्री जी ने जिला नियोजन पदाधिकारी को निर्देश दिया। कहा कि पांच मई से पूर्व सभी पीएसयू से समन्वय स्थापित कर अधिनियम पर/पोर्टल पर निबंधन आदि पर कार्यशाला/प्रशिक्षण सुनिश्चत करेंगे। झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) ने जिला प्रशासन को आगामी 20 मई तक जिले की अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, निदेशालय (नियोजन) से पंकज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी बीटीपीएस संतोष कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी चास प्रशांत टुडू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते झारखंड विधानसभा की विशेष समिति के सदस्य।

INTEGRATED TRIBAL DEVELOPMENT AGENCY, GUMLA
Email: dwo.gumla@gmail.com; website: www.gumla.nic.in
Tender Reference No: - Date: -

**Very Short Expression of Interest (EOI):** Supply, Distribution, Installation and training of (**Manual leafplate making machine, Manual seed oil expeller,Bamboo strip bending machine,manual bamboo square stick making machine,manual bamboo long slicer machine,Electric bamboo cutter,professional grinder,Bamboo power toolkit, Bamboo toolkit for handicraft/furniture/jewellery** at various locations in Gumlawith defect liability period of one year & operation and maintenance of three years under **Pradhan Mantri Aadi Adarsh Gram Yojna (PMAAGY)**

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply, Distribution, Installation and training of (Manual leafplate making machine, Manual seed oil expeller,Bamboo strip bending machine,manual bamboo square stick making machine,manual bamboo long slicer machine,Electric bamboo cutter,professional grinder,Bamboo toolkit for handicraft/jewellery/furniture at various locations in Gumla. |
| 2 | Period Of Work | 30 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 26/04/23 |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs.5,00,000 in the form of DD (Valid for at least 3 months from the date of bid published ) in favor of **DWO,GUMLA** |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 10/05/23 (Wednesday) Time: 11:00 AM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 10/05/23 (Wednesday) Time: 03:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | ITDA OFFICE, GUMLA |
| 9 | Tentative cost of bid | Related project document & information can be inquired from office during office hours. |
| 10 | Bid Opening Place | Conference Hall of New Collectorate Building Ground Floor, Gumla-835207 |
| 11 | Contact Number | 9905443673 Email Id: dwo.gumla@gmail.com |

PR 296101 Welfare(23-24)D
Signature **D.C Gumla**

# ओड़िशा में 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे मुख्यमंत्री हेमंत

## कीट यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर जायेंगे भुवनेश्वर



**40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा नि:शुल्क प्रदान की जाती है**

इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ- साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा नि:शुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकायें शिक्षा ग्रहण करती हैं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/ओड़िशा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में शुक्रवार को शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कीट यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर करीब 40 हजार बच्चों से मिलकर कर उन्हें संबोधित करेंगे। मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था।

## केंद्रीय मंत्री और नैक के अध्यक्ष ने सोआ के छात्रों के स्टार्टअप की तारीफ की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, आइएमएमटी परिसर में जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक के मौके पर आयोजित 'फ्यूचर वर्क स्टाइल्स एंड स्किल्स' प्रदर्शनी के चौथे दिन, शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) छात्रों के स्टार्ट-अप का अवलोकन के साथ प्रशंसा की। जब की (नैक) के कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद डॉ. निर्मलजीत सिंह कर्नल ने भी। डॉ सहस्त्रबुद्धे ने सोआ में सीआइआइ प्रदर्शक बूथ का दौरा किया और छात्रों के स्टार्ट-अप की प्रशंसा की और कहा कि जब पहले और दूसरे वर्ष के छात्र इस तरह के कौशल दिखायेंगे, तो वे अपनी पढ़ाई के अंत में उच्च गुणवत्ता वाले कार्य को देखा सकते है। विदेशों से आये हुए कई प्रतिनिधियों ने सोआ के स्टालों का दौरा किया।

# एमसीएल को बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** सीएसआर कांफ्रेंस-2023 के समापन समारोह में झारखंड स्थित सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) एवं महानदी कोलफील्डस लिमिटेड (एमसीएल) को बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएसआर कांफ्रेंस के दूसरे दिन (26 अप्रैल) में सीसीएल सहित कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत चलाये जार रहे बेस्ट प्रैक्टिसेश इनिशिएटिव पर आधारित विभिन्न टीमों द्वारा अपना-अपना प्रेजेटेंशन प्रस्तुत किया गया। जिनमें से उत्कृष्ट प्रेजेंटेशन को पुरस्कृत भी किया गया। आज के कार्यक्रम में संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कोयला मंत्रालय, निरूपमा कोट्ठु, पूर्व आइएस अधिकारी, डॉ सतीश अग्निहोत्री, स्वतंत्र निदेशक, कोल इंडिया, डॉ अरूण उरांव, स्वतंत्र निदेशक, सीसीएल, रमेश कुमार सोनी, सीएमडी, सीसीएल, पीएम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, बी. साइराम, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र, राज्य के वरीय पुलिस अधिकारी, आरके. मल्लिक, निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल, मुरली कृष्णा रमैया, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल, केशव राव, इडी, आइआइसीएम, डॉ कामाक्षी रमन एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय (25-26 अप्रैल, 2023) सीएसआर कांफ्रेंस का समापन आज 26 अप्रैल को हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 200 प्रतिभागियों ने सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में छह प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भी भाग लिया और अपने अनुभव को साझा करते हुए 'री-इंजीनियरिंग सीएसआर' विषय पर विचार-विमर्श किया। दो दिवसीय कांफ्रेंस के दौरान कोल इंडिया सहित इसके सभी अनुषंगी कंपनियों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा सीएसआर विषय पर प्रदर्शनी भी लगाया गया। जिसके माध्यम से सीसीएल सहित सभी कंपनी ने सीएसआर के अंतर्गत चलाये जा रहे योजनाओं को प्रस्तुत किया। सीसीएल एवं एमसीएल के स्टॉल को जूरी (चयनकर्ता) द्वारा बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

**देशभर में कोल इंडिया और अनुषंगी कंपनियां उदाहरण प्रस्तुत करें: संयुक्त सचिव**

संयुक्त सचिव, निरूपमा कोट्ठु ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत कोई भी कार्य छोटा नहीं है आवश्यकता के अनुरूप कार्य करें और कंपनी को नयी पहचान दें एवं देशभर में कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनियां एक उदाहरण प्रस्तुत करें। सीएमडी, पी.एम. प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और वहां के अनुभवों एवं बेस्ट पैक्टिसेश को सीएसआर गतिविधियों में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीसीएल ने विगत वित्तीय वर्ष में अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया है और कंपनी अपने स्टेकहोल्डर्स को ध्यान में रखते हुये योजनाओं का कार्यांवयन कर रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) धनबाद, दिनांक–25.04.2023

ई–निविदा सं. : SnT-GS-DHN-04-Tel-2023-24, क्र. सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : अमृत भारत स्टेशन योजना के संबंध में चन्द्रपुरा (CRP), बरकाकाना (BRKA), लातेहार (LTHR), डाल्टनगंज (DTO), गढ़वा रोड (GHD) और गढ़वा टाउन (GHQ) में Integrated यात्री सूचना प्रणाली और यूटिलिटी Shifting का प्रावधान। (8 महीने)। क्र. सं. : 2. कार्य की लगभग लागत (रू. में): ₹ 5,40,25,682.97 क्र. सं. : 3. बयाने की राशि (रू. में): बयाने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। क्र. सं. : 4. निविदा बंद होने की तारीख तथा समय: ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.05.2023 को 12:30 बजे तक। क्र. सं. : 5. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0184/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/23–24/32


# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ओड़िशा दौरे के कार्यक्रम में हुआ परिवर्तन

**जो कार्यक्रम 9 तारीख को निर्धारित किया गया था वो 4 तारीख को सही कार्यक्रम के मुताबिक होगा।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मयूरभंज दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। उन्हें 9 मई को आना था। लेकिन वह 9 मई के बजाय 4 मई को ओड़िशा आयेंगे और मयूरभंज जायेंगी। जो कार्यक्रम 9 तारीख को निर्धारित किया गया था वो 4 तारीख को सही कार्यक्रम के मुताबिक होगा। राष्ट्रपति उस दिन ओडिशा आएंगे और रात में बारीपदा सर्किट हाउस में रुकेंगे। 6 तारीख को महाराजा श्रीरामचंद्र भंजदेव बारीपदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू की अपनी गांव का पहली गस्त है।

## अच्युत सामंत को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और कीट और कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत को असम के महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने 5वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रोफेसर सामंत जी को डी.लिट से सम्मानित किया गया है। शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रोफेसर सामंत जी को डॉक्टरेट की यह मानद उपाधि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने प्रोफेसर सामंत जी को समानित किया है। प्रो. सामंत जी का यह 51वां डॉक्टरेट उपाधि है। उन्होंने इस मान्यता के लिए महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रोफेसर सामंत जी ने कहा है कि, यह उन्हें समाज के लोगों के लिए और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। आयोजित इस कार्यक्रम मैं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह, चांसलर सार्जेंट भबेंद्र नाथ डेका, कुलपति डॉ. मृदुल हजारिका और रजिस्ट्रार प्रो. मृणाल कुमार बोरा उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक ने रेलवे खंड का निरीक्षण किया





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने आज भुवनेश्वर-भद्रक रेलवे खंड का निरीक्षण किया और ट्रेन यातायात सुविधाओं की समीक्षा की और रेलवे खंड में यातायात में और सुधार का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे के मुख्य मंडल अधिकारी, खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान, श्री शर्मा ने भुवनेश्वर और भद्रक के बीच स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को सलाह दी कि वे ट्रेनों के सुचारू संचालन और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ यात्री सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये।

## आधुनिकीकरण कार्यों को लेकर रेल सेवाएं रहेंगी प्रभावित

**ओड़िशा।** टिटिलागढ़-लखोली खंड के बीच संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण ट्रेन सेवायें प्रभावित संबलपुर मंडल में टिटिलागढ़-लखोली खंड पर संरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के कारण दिनांक 01/05/2023 को निम्नलिखित रेल सेवायें प्रभावित होंगी।

**ट्रेनों का रद्दीकरण:** ट्रेन नंबर 08527/08528 विशाखापत्तनम-रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर स्पेशल ट्रेन दिनांक 01/05/2023 को दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। दिनांक 01/05/2023 को रायपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दिनांक 02/05/2023 को जूनागढ़ रोड से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 08276 जूनागढ़ रोड- रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का डायवर्जन:** 30/04/2023 को तिरुपति से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 17482 तिरुपति- बिलासपुर एक्सप्रेस अपने वर्तमान मार्ग टिटिलागढ़-लखोली-रायपुर के बजाय टिटिलागढ़-संबलपुर- इब-बिलासपुर के रास्ते परिवर्तित मार्ग में चलायी जायेगी।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**